## विज्ञान-परंपरा के संगम से आरोग्य

परतंत्रता, वक्त के थपेड़ों व कालांतर बाजार के गहरे दखल से भले ही भारत का प्राचीन सेहत का ज्ञान सदियों से हाशिये पर रहा है, लेकिन पिछले एक दशक के राजाश्रय में इसकी देश-विदेश में प्रतिष्ठा स्थापित हुई। भारत में अथाह गरीबी के चलते प्रकृति के सान्निध्य में सेहत के गुर को महसूस करते हुए महात्मा गांधी ने प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को देश में प्रतिष्ठा दी थी। आज भी उनके अनुयायी पूरे देश में इस मुहिम में जुड़े हुए हैं। यह सुखद ही है कि एक दशक पूर्व राजग सरकार ने जिस आयुष मंत्रालय की स्थापना करके इस दिशा में जो रचनात्मक पहल की थी, उसके उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। उसके चलते भारत ही नहीं, विदेशों में भी हमारी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की स्वीकार्यता बढ़ी है। इस अभियान के एक दशक पूरे होने पर आयुष मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2014 में जो आयुष बाजार 2.8 अरब डॉलर था, उसका आकार बीते साल तक 43.4 अरब डॉलर हो गया है। ये एक बहुत उत्साहजनक आंकड़ा है। इतना ही नहीं आयुष बाजार का निर्यात भी दुगना हुआ है। जिससे इस पद्धति की अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता का पता चलता है। यानी इन्हें एक पूरक चिकित्सा के रूप में मान्यता मिल रही है। निस्संदेह, आधुनिक चिकित्सा पद्धति ने शोध-अनुसंधान व बड़े पूंजी निवेश के चलते अप्रत्याशित उन्नति की है। ऐसे में यदि विज्ञान व परंपरागत चिकित्सा पद्धति में समन्वय बने तो मानवता का कल्याण ही होगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि तीव्र विकास की छाया में गरीबी का भी विस्तार हुआ है। महंगी होती चिकित्सा पद्धति गरीब की पहुंच से दूर होती जा रही है। सरकारी चिकित्सा तंत्र मरीजों के भारी बोझ से चरमरा रहा है। ऐसे में यदि जीवन शैली में सुधार, सजगता व शारीरिक सक्रियता से लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिले तो किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसे पूरक चिकित्सा पद्धति के रूप में स्वीकार किया ही जाना चाहिए।

यह भी एक हकीकत है कि आयुष बाजार के विस्तार से जहां सेहत के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उपचार में मदद मिली है, वहीं इससे रोजगार व उद्यमिता को भी संबल मिला है। एक ओर जहां आयुर्वेदिक दवाओं के उत्पादन से रोजगार बढ़े हैं, वहीं इसमें प्रयोग की जाने वाली जड़ी-बूटियों, फल और इससे जुड़े जैविक उत्पादों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी संबल मिला है। कमोबेश इसी तरह योग से जुड़ी सामग्री का निर्यात भी तेजी से बढ़ा है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को वैश्विक मान्यता मिली है। हालांकि, अमेरिका,यूरोप व आस्ट्रेलिया आदि में योग के सामान से जुड़ा कारोबार ज्यादा ऊंचाइयां छू रहा है। यह सुखद है कि हम देर से ही सही, इस दिशा में आगे बढ़े हैं। हमारे आयुर्वेद के उत्पादों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मान्यता मिलना भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस दिशा में आधुनिक चिकित्सा के साथ समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ने के लिये साझे प्रयास जरूरी हैं। ऐसे में बहुत जरूरी हो जाता है कि हम आयुष उत्पादों की गुणवत्ता बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें। उनका आधार वैज्ञानिक प्रमाण हों। इससे भारत पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के जरिये वैश्विक नेतृत्व करने में सक्षम हो सकेगा। दरअसल, भारतीय परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों मसलन आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा,योग, सिद्ध आदि पद्धतियों की धारणा रही है कि किसी रोग को दबाने के बजाय उसके कारकों का उपचार किया जाए। साथ ही यह भी कि हमारे विचार, खानपान और प्रकृति का सान्निध्य जीवन को स्वस्थ बनाने में मददगार होता है। जिसका मूल आधार हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना होता है। लेकिन इसके मायने आधुनिक चिकित्सा पद्धति की अनदेखी नहीं है, बल्कि समन्वय ही है। निश्चित रूप से यदि विज्ञान व परंपरा के समन्वय का मणिकांचन संयोग होगा तो सेहत के लक्ष्य हासिल करना ज्यादा आसान होगा। भारतीय जीवनशैली, खानपान, परिवेश व ऋतुचक्र के अनुरूप यदि उपचार होगा तो उसका सकारात्मक प्रतिसाद भी मिलेगा। ऐसे में हमारी सस्ती परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां गरीब, विकासशील व ग्लोबल साउथ के देशों को आरोग्य की राह दिखा सकती हैं। जरूरी है कि सदियों के अनुभव से हासिल गुणवत्ता व प्रमाणिकता के परंपरागत ज्ञान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के मध्य तालमेल की कोशिश की जाए।

# देवेंद्र फडणवीस भाजपा के लिए चाणक्य बन चमक रहे हैं



ललित गर्ग

महाराष्ट्र में सरकार गठन की राजनीति में दस दिन की सघन वार्ताओं और खासी नाटकीयता के बाद आखिर अंधेरा छंट गया और देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। फडणवीस का मुख्यमंत्री बनना न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश की राजनीति को एक नई दिशा एवं दृष्टि देगा। क्योंकि फडणवीस ने अपने राजनीतिक कौशल से न केवल नये मानक गढ़े हैं बल्कि सकारात्मक राजनीति को नये आयाम दिये हैं। हार का कारण स्वयं को मानने एवं जीत का श्रेय पार्टी एवं सहयोगी दलों को देने की विराट सोच रखने वाले फडणवीस को अब भाजपा के शीर्ष नेताओं में शुमार किया जाने लगा है। फडणवीस ने राजनीति के चाणक्यों के चक्रव्यूहों को कुछ ऐसा भेदा कि लोग उन्हें आधुनिक अभिमन्यु भी कहने लगे। बात सही भी है फडणवीस अब किसी चक्रव्यूह में फंसते नहीं बल्कि उसे भेदकर बाहर निकलते हैं। सामने कोई भी हो शह और मात के खेल में उनकी जीत अब गारंटी बन चुकी है। वे भाजपा के लिए चाणक्य हैं तो विपक्ष के लिए अबूझ पहेली। पिछले एक दशक से महाराष्ट्र की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे कद्दावर राजनेता के नेतृत्व में निश्चित ही अगली पारी सफल होने वाली है। बावजूद इसके विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर फडणवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। फिर भी महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नए दौर में ले जाने की जिम्मेदारी निभाते हुए वह हर चुनौती के पार जायेंगे, लोगों ने उनकी पार्टी और सहयोगी दलों पर जो भरोसा जताया है, महायुति सरकार उनकी उम्मीदें पूरी करके एक नये इतिहास का सृजन करेंगी, इसमें कोई शंका दूर तक नजर नहीं आती।

तीसरी बार मुख्यमंत्री का ताज पहनने वाले देवेंद्र फडणवीस ने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, दूरदर्शी नायक एवं महाराष्ट्र-निर्माता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर अनेक राजनीतिक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। फडणवीस यह नाम महाराष्ट्र राजनीतिक इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये महाराष्ट्र के निर्माता, कुशल प्रशासक के साथ-साथ राजनीति को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग हैं, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, प्रशासक और राजनेता हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। महाराष्ट्र राजनीति की एक खास स्थिति जहां सहयोगी दलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखने और उन्हें यथासंभव संतुष्ट रखने की जरूरत से जुड़ी चुनौती है वहीं आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से जुड़े दलों पर बेहतर प्रदर्शन की बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि पहली चुनौती मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को संतोषजनक ढंग से निपटाने की है। एक बड़ी चुनौती महाराष्ट्र में भाजपा की ताकत को बलशाली बनाने की भी है। इन सब चुनौतियों एवं परिस्थितियों के बीच संतुलन बनाने एवं उनसे पार पाने की क्षमता फडणवीस में दिखती है। जो व्यक्ति 2022 में एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री की भूमिका मंजूर कर लेता है, पद से ज्यादा पार्टी हित को सामने रखता है, विशिष्ट परिस्थितियों में पार्टी के आग्रह पर न केवल सरकार का सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है बल्कि चुनाव में पार्टी की अगुआई करते हुए उसे शानदार जीत भी दिलाता है, तो उन्हें मुख्यमंत्री की भूमिका सौंपी जा रही है तो अपनी पात्रता तो वह पहले ही अच्छी तरह सिद्ध कर चुके हैं, अब तो शासन के नये मानक गढ़ने है।

यह स्पष्ट है कि देवेंद्र फडणवीस के राजनीतिक जीवन के नए दौर की शुरुआत संभावनाभरी है। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने भाषण में हिंदवी स्वराज से लेकर अहिल्याबाई होलकर का नाम लेकर अपनी राजनीतिक धारा को बिल्कुल स्पष्ट किया। चुनाव प्रचार के दौरान भी उनकी छवि आत्मविश्वास से भरे हिंदुत्ववादी शुद्ध स्वयंसेवक भाजपा नेता की बनी। उन्होंने कट्टरपंथी मुस्लिम नेताओं और उनको समर्थन देने वाले महाविकास आघाड़ी के विरुद्ध लगातार प्रखर प्रहार से अपनी छवि वर्तमान राजनीतिक धारा के अनुरूप बनाई। चुनाव के समय लगा था कि एक हैं तो सेफ हैं और बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर महायुति में मतभेद के बावजूद उन्होंने गजब का संतुलन बनाते हुए इन नारों के बल पर महायुति की जीत को उच्च शिखर देकर सबको आश्चर्यचकित किया। महायुति सरकार की नई पारी पिछली पारी जैसी सहजता और स्थिरता दिखा पाएगी या नहीं यह सवाल तो खड़ा ही है, लेकिन इस सवाल को नकारते हुए नयी सरकार अपना पूरा कार्यकाल उतार-चढ़ाव के बावजूद निष्कंटक पार करेगी। दो पुरानी और सुगठित राजनीतिक पार्टियों में हुई असाधारण तोड़फोड़ के परिणास्वरूप बनी महायुति ने हालांकि 2024 विधानसभा चुनावों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर दी है और इसलिए अब इसे किसी भी रूप में कृत्रिम गठबंधन नहीं कहा जा सकता। फिर भी नए मुख्यमंत्री और भाजपा नेतृत्व को सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने और किसी भी असंतोष से बचने पर खास ध्यान देना होगा।

फडणवीस का राजनीतिक जीवन अनेक विशेषताओं एवं उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से उसकी शुरुआत की। उनके पिता स्व. गंगाधरराव फडणवीस विधान परिषद सदस्य थे। लेकिन इस राजनीतिक विरासत का सहारा लेने के स्थान पर फडणवीस ने अपनी खुद की पहचान बनाई। सामान्य कार्यकर्ता की तरह खुद को तराशा। वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार बनाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया।

2014 में पहली बार महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद फडणवीस अपनी कल्पनाशीलता, दूरदर्शिता, दृढ़संकल्प, राजनीतिक कौशल एवं अभिनव परियोजनाओं के माध्यम से उन्होंने अपनी असीम क्षमताओं को आकार दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2014, 2019 और 2024 के विधानसभा के चुनाव भाजपा ने फडणवीस के नेतृत्व में लड़े और शानदार प्रदर्शन किया, तीनों बार भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। 2019 में उनके नेतृत्व में भाजपा की चुनावी जीत के बावजूद अविभाजित शिवसेना के मुखिया उद्धव ठाकरे की जिद के कारण वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाए, हालांकि राकांपा नेता अजित पवार के साथ मिलकर उस वक्त उन्होंने तीन दिन की सरकार जरूर बनाई। यह प्रयोग विफल होने के बाद उनके विरोधियों ने उनकी रणनीतिक क्षमता पर सवाल भी उठाए थे लेकिन देवेंद्र फडणवीस को अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा था और उन्होंने कहा भी था कि वे पूरे जोश से आयेंगे, तमाम तूफानों के बीच से विजेता की तरह फिर उभरेंगे। ऐसा उन्होंने करके दिखाया। भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के बावजूद फडणवीस को मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए खासी जद्दोजहद करनी पड़ी है। भाजपा के प्रदर्शन में फडणवीस ने अपने योगदान का पुरजोर दावा किया है। वे चुनाव-प्रचार अभियान के दौरान पार्टी का मुख्य चेहरा थे और उन्होंने राज्य के सभी छह क्षेत्रों में 64 रैलियां कीं। उनको मिली शानदार सफलता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उन्हें मिला अटूट समर्थन था। संघ इस बात पर अड़ा हुआ था कि भाजपा को कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा रखने के लिए इस बार मुख्यमंत्री पद के लिए राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश की तरह लो-प्रोफाइल नेता नहीं चाहिए और फडणवीस ही इस पद के लिए उसकी पहली पसंद हैं। शाह, योगी और फडणवीस- इन तीनों के सामने अभी बहुत वर्षों की राजनीति शेष है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर बढ़ते हुए फडणवीस को ऐसे सर्वमान्य व्यक्ति के रूप में देखा जाता है, जो खींचतान और दबाव के बीच संतुलन बनाए रखते हैं, उनमें हर बड़ी-से-कड़ी जिम्मेदारी को निभाने की क्षमता है। इस विधा में उनके कौशल का परीक्षण अब महाराष्ट्र में तीन-पक्षीय गठबंधन सरकार के नेतृत्व से होने जा रहा है।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# जनकवि आशीष सन्याल की सर्जना को सलाम



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

जनकवि आशीष सन्याल सदा के लिए चल बसे। उनकी आयु 86 साल थी। उनका जन्म 7 जनवरी 1938 में अविभाजित बंगाल के मैमनसिंह जिले के सुसंग गांव में हुआ था। उनका निधन 25 नवंबर 2024 को कोलकाता में हो गया। जनकवि आशीष सन्याल के निधन से कविता जगत में शोक की लहर छा गई। निधन एक तरह से जीवन का सच है; लेकिन आशीष सन्याल का निधन उस सच को चुप कर देता है,क्योंकि आशीष सन्याल एक महान सर्जक थे और जो सर्जक होता है,उसकी मौत नहीं होती है।

इस दुनिया में यह शाश्वत सत्य है कि सृजन के समक्ष मृत्यु सदा अपना सिर झुकाये खड़ी रहती है। पर कवि और कविता जगत के प्रिय और श्रद्धेय आशीष दा सशरीर हमारे बीच नहीं रहे,पर उनकी वाणी सदा हमारे साथ रहेगी। कविता प्रेमी अब अक्षरों में आशीष दा को खोजने का प्रयास करेंगे।

आशीष दा ने असंख्य कविताओं का सृजन किया है। उनके दर्जनों कविता संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने छह दशकों तक कविता और कविता लेखन की सेवाएं की। यदि कविता की अर्थभूमि की दृष्टि से आशीष सन्याल पर विचार किया जाए, तो यह स्पष्ट होगा कि उन्होंने न केवल बंगला की कविता परंपरा में एक नया मोड़ उत्पन्न किया बल्कि भारतीय भाषाओं की कविताओं को एक नया आयाम दिया। सही मायने में आशीष दा बंगाल के कवि होते हुए भी विश्व कवि मंच पर अपना हस्ताक्षर दर्ज किया। उन्होंने कवियों की फौज तैयार की। और इस फौज ने इस दुनिया में सच और तर्क का संघर्ष शुरू किया है,जो संघर्ष सदा गतिशील रहेगा।

आशीष दा इस दुनिया में न केवल कवि के रूप में जाने जायेंगे बल्कि उन्होंने कहानी लेखन को भी एक नया रंग दिया है। उनके कथा-साहित्य पर जब-जब समीक्षकों का ध्यान जाता है,तब-तब समीक्षकों ने यह स्वीकार किया है कि आशीष दा ने कथा को एक नयी जमीन दी है। उनके कथा-साहित्य की जमीन उर्वर है,जिस जमीन पर भविष्य के सुनहले फसलों को उगाना मुमकिन है।

उन्होंने कथा-साहित्य के अतिरिक्त प्रबंध और आलेख भी लिखे हैं। रवीन्द्रनाथ टैगोर के प्रति उनकी अवधारणा ने लेखन जगत को एक नई रोशनी। उन्होंने अनुवाद के जरिये कई महत्त्वपूर्ण कार्यों को समझने में एक नये रास्ते से परिचय किया। विभिन्न भाषाओं के बीच सेतुबंधन तैयार करने में भी आशीष सन्याल का जोड़ खोजना मुश्किल है। उनका मानना था कि अनुवाद के जरिये न केवल दो भाषाओं के बीच मेल-जोल होता है बल्कि दो भिन्न संस्कृतियां एक सरल रेखा पर उपस्थित होती हैं।

आशीष दा का लेखन विभिन्न संस्कृतियों के बीच वैचारिक रिश्ता कायम करता है।

यही कारण है कि उन्होंने विश्व कविता उत्सव हर साल कोलकाता में आयोजित करने का सिलसिला शुरू किया था। इस महोत्सव में दुनिया के विभिन्न देशों के कवि शामिल होते थे। कविता के वैश्विक गुणों पर चर्चा करना इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य होता था। इस उत्सव में यह चर्चा होती थी कि बदलती दुनिया के सामने कविता किस तरह संघर्ष करती है। आशीष दा को यह विश्वास था कि इस दुनिया में मानवता का ध्वज ऊंचा करने की क्षमता कुल मिलाकर कविता में ही है। कविता न केवल बोलने में स्वच्छंदता प्रदान करती है बल्कि कविता की अपनी दार्शनिकता होती है। यही कारण है कि आशीष दा बार-बार यह कहते थे कि कविता अपने जमाने की पहचान होती है। यही कारण है कि कवि अपने अनुभवों को कविता में उपस्थित करने की कोशिश करते हैं। सच तो यह है कि आशीष दा की लेखनी विध्वंस की वैचारिकी का उचित जवाब देते हुए एक निर्भय समाज की स्थापना की वकालत करती है।

आशीष दा का हृदय सही मायने में कवि-हृदय था जो समाज में हिमालय-जैसा मानस तैयार करता है। उनके कवि-हृदय में हर किसी के लिए अपनी जगह सुरक्षित थी, यही कारण है कि उन्होंने विश्व स्तर पर एक अनोखा दृष्टांत स्थापित किया है। अब इस दृष्टांत की रक्षा करने की जिम्मेदारी उन्हें ही ग्रहण करनी पड़ेगी, जिन्होंने कविता की ताकत को समझा है। विभिन्न तरह के अनुभवों और हजारों तरह की संवेदनाओं के बीच जो क्षण में सामंजस्य स्थापित करने की क्षमता रखता है, उसी का नाम आशीष सन्याल है। आशीष दा ने अपनी वाणी की उष्णता से समाज की बर्फ को गलाने का काम किया है।



आशीष दा का पहला काव्य-ग्रंथ 1960 के नवंबर महीने में प्रकाशित हुआ था। इस काव्य-ग्रंथ का नाम है- 'शेष अंधकार: प्रथम आलो'। इस काव्य-ग्रंथ में उन्होंने पहली रोशनी की जमीन की तलाश की है। उनका यही मानना था कि यदि पहली किरण मिलती है,तो इसका सीधा-सा अर्थ यही है कि यह अंतिम अंधेरा है। जीवन और जगत से अंधेरे को दूर करना जरूरी सबको लगता है,लेकिन सवाल यह है कि इस अंधेरे को कैसे दूर किया जाए। अंधेरे को दूर करना सामाजिक जागरुकता के बिना असंभव है। यह जागरुकता तभी पैदा हो सकती है, जब इस समाज में प्रेम को स्थापित किया जाए। यह समाज पूरी तरह से मुहब्बत की राह पर चलता है और यह राह तभी उन्मुक्त होती है, जब संवाद स्थापित किया जाए। इसी सच्चाई को आशीष दा ने अपनी रचना-प्रक्रिया के जरिये स्पष्ट करने की कोशिश की है।

उन्होंने रवीन्द्रनाथ के प्रति असीम श्रद्धा व्यक्त की है। उनका काव्य-ग्रंथ है- 'मृत्युदिन जन्मदिन'। यह ग्रंथ 1963 के फरवरी महीने में प्रकाशित हुआ था। इस काव्य-ग्रंथ में एक कविता है,जिसका शीर्षक है- 'स्मृति: रवीन्द्रनाथ के मने रेखे' इस कविता में उन्होंने रवीन्द्रनाथ को याद करते हुए यह आह्वान किया है कि इस संसार में दु:ख चाहे जितना बढ़ जाए,रवीन्द्रनाथ की प्रगतिधारा को कोई रोक नहीं सकता है। रवीन्द्रनाथ की काव्यधारा वस्तुत: जनधारा के रूप में तब्दील हो चुकी है। उनके इसी काव्य-ग्रंथ में 'मृत्युदिन जन्मदिन' नामक एक कविता है, जिस कविता में उन्होंने यह बताया है कि कितना आनंद है, फिर भी निष्ठुरता के तिमिर में लोग बहने के लिए बाध्य हैं। तथाकथित आनंद पाने की इच्छा पर कवि ने कटाक्ष किया है। इस काव्य-संग्रह में उनकी एक और कविता है, जिसका शीर्षक है-'झड़ेर उष्णता पेले' यानी तूफान की उष्णता मिलने पर इस जीवन में क्या घटता है? इस सवाल का जवाब उन्होंने बड़ी सरलता से देते हुए कहा कि यदि तूफान की उष्णता मिलती है, तभी जाकर किसी आनंद को शब्द की उज्ज्वलता में बांधने की कोशिश की जाती है। निश्चित रूप से कवि का यह निजी अनुभव है,लेकिन उनका यह अनुभव विश्व रूप ग्रहण करता है। यह संसार का यथार्थ है कि उष्णता के बिना शब्दों की उज्ज्वलता नहीं दिखती है।

आशीष दा का एक और काव्य-संग्रह 1965 के जुलाई महीने में प्रकाशित हुआ था। इस काव्य-संग्रह का नाम है-'आज वसंत'। दिसंबर 1969 में आशीष दा ने 'स्वप्नेर उद्यान धुएं' काव्य-ग्रंथ लिखा। 1972 के अप्रैल महीने में उनका एक और काव्य-संग्रह प्रकाशित हुआ,जिसका नाम है- 'पटभूमि कम्पमान'। इस काव्य-संग्रह की एक कविता का शीर्षक है-'एक दिन भालो बेसे'। इस कविता में छल का एक अद्भुत चित्र आशीष दा ने खींचा है। यह छल एक मृत्यु जैसा बन जाता है। सारी आस्थाएं खंडित हो जाती हैं। प्रेम के विनिमय में छल क्या मिलता है, इसका अद्भुत बिम्ब इस कविता में उन्होंने खींचने का प्रयास किया है। आशीष दा का काव्य-संग्रह 'जन्मे प्रतिजन्मे' 1924 के मई महीने में प्रकाशित हुआ। जून 1982 में उनकी कविताओं का संग्रह 'जेते जेते' प्रकाशित हुआ। सितंबर 1987 में उनका काव्य-संग्रह 'एखन तथागत' नाम से प्रकाशित हुआ। मई 1992 में उन्होंने 'बारूद पारे ना' काव्य-संग्रह लिखा। मई 1995 में उनका काव्य-संग्रह 'स्रोतेर अविरल शब्दे' प्रकाशित हुआ। जनवरी 1999 में 'निजेर विरुद्धे युद्ध' नामक काव्य-संग्रह लिखकर आशीष दा ने यह सिद्ध कर दिया कि खुद के खिलाफ लड़ना ही रचनात्मक संघर्ष का असली तकाजा है। इस काव्य-संग्रह में उनकी एक कविता का शीर्षक ही है- 'युद्ध के खिलाफ युद्ध'। इस कविता में उन्होंने लिखा है- अभी मेरा युद्ध युद्ध के खिलाफ है/विचूर्ण विश्वास /लम्बी हताशा/और व्यर्थता के साथ/मेरा प्रतिनियत संग्राम जारी है/मुझे अभी युद्ध से डर लगता है/मेरे चारों तरफ/ फैल गई है गंभीर शून्यता/।

आशीष दा की कविताओं का संग्रह जनवरी 2003 में आया जिसका शीर्षक था- का छेई रमेछे नदी। इस संग्रह की हर कविता अपनी ओजस्विता के लिए प्रसिद्ध है। इस संग्रह की जिन कविताओं को काव्य जगत में काफी प्रसिद्धी मिली है, उन कविताओं के शीर्षक हैं- 'कविता', 'प्रतिध्वनि', 'प्रेमिकेर मृत्यु नई', 'पड़े आधे'। आशीष दा ने जीवन की वास्तविकताओं को गंभीरता से देखा है, इसलिए उन्होंने 'पड़े आधे' कविता में लिखा है- 'अपूर्ण आह्लाद स्थिर है'। सच तो यह है कि आशीष दा की काव्य-दृष्टि ने जीवन के अपूर्ण आह्लाद की स्थिरता पर गंभीरता से विचार व्यक्त किया है।

## गिरिधर राय की कुण्डलियां



डॉ.गिरिधर राय, सुप्रतिष्ठित कवि

### संभल खातिर बैचैन

**संभल** जाने के लिए, **प्रतिपक्षी** बेचैन
**ढाका-अत्याचार** पर, बंद किए हैं नैन
बंद किए हैं नैन, यही इनकी परिपाटी
तब भी थे ये मौन, **हुई जब खाली घाटी**
कहते **गिरधर राय**- छीन लेंते हैं कंबल
**वोट बैंक** के लिए, जा रहे हैं ये संभल

## आज का पंचांग

**कोलकाता** : 6 दिसम्बर, शुक्रवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष पंचमी, 12:05 तक, नक्षत्र : श्रावण, 17:07 तक, योग : ध्रुव, 10:37 तक, सूर्योदय: 6:03, सूर्यास्त: 16:52 चन्द्रोदय : 10:19, चन्द्रास्त: 21:35, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 10:07 से 11:27

## राशिफल

**मेष** : मेष राशि वालों के लिए दिन थकान और परेशानी भरा हो सकता है। आप किसी कारण से तनाव में रह सकते हैं। आपके मन में किसी बात को लेकर उलझन रहेगी।

**वृष** : वृष राशि वालों के लिए दिन लाभदायक रहेगा। आपके धन में वृद्धि होगी। लाभ के योग बन रहे हैं। हालांकि, सहयोगियों की मदद पर पूरी तरह भरोसा करना खतरे से खाली नहीं होगा।

**मिथुन** : मिथुन राशि वालों के लिए दिन लाभदायक रहेगा। आप करियर में कुछ बड़ा बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं। लेकिन अभी परिस्थितियां ठीक नहीं हैं।

**कर्क** : कर्क राशि वालों के लिए दिन सफलता से भरा होगा। आप नए प्रॉजेक्ट पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। इस क्षेत्र में कुछ पुराने मित्रों से आर्थिक मदद मिल सकती है, जिससे आपको लाभ होगा।

**सिंह** : सिंह राशि वालों के लिए करियर में लाभ के योग बन रहे हैं। यदि आप यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो आपको कुछ तैयारी करनी होगी। कुछ अधूरे काम भी पूरे हो सकते हैं।

**कन्या** : कन्या राशि वालों को लाभ होगा और संकल्प करने पर सफलता मिलेगी। सभी कार्यों को एक-एक करके निपटाने से कुछ काम अचानक ही बनते नजर आएंगे और आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला** : तुला राशि वालों को लाभ होगा और धन में वृद्धि के योग हैं। आप तीर्थयात्रा का कार्यक्रम बना सकते हैं। मित्रों की मदद के लिए धन की व्यवस्था करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** : वृश्चिक राशि वालों का दिन किसी प्रकार का सुधार करने में बीतेगा। आप कार्यक्रम में कुछ बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं और उस पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

**धनु** : धनु राशि वालों को करियर के मामले में कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना चाहिए। तनाव से उबरने के लिए आप किसी मनोरंजक यात्रा पर जा सकते हैं।

**मकर** : मकर राशि वालों को करियर में लाभ होगा और जिन मामलों में आप अपना दिमाग लगाएंगे, उनमें आपको सफलता मिलेगी। सभी कार्यों में अच्छा परिणाम मिलेगा।

**कुम्भ** : कुंभ राशि वालों को लाभ होगा और आपके कार्यक्षेत्र का वातावरण सुधरेगा। कठोर स्वभाव का व्यक्ति नजरों से दूर रहेगा और वातावरण में हल्कापन और मनोरंजन का रंग छाया रहेगा।

**मीन** : आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ाने के लिए रहेगा। आपको किसी काम में बहुत ही सोच समझकर आगे बढ़ना होगा। आप कोई निर्णय जल्दबाजी में ना लें।

## वर्ग पहेली नं. 2938

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | 8 | | ■ | | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | ■ | 11 | | |
| | ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | ■ | |
| 14 | 15 | | | ■ | 16 | | ■ | 17 | |
| ■ | | ■ | 18 | | | ■ | 19 | | ■ |
| 20 | | ■ | | ■ | 21 | 22 | | | 23 |
| | ■ | 24 | | 25 | ■ | | ■ | ■ | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | | |

➲ *बायें से दायें*:- 1) धनाढ्य; पैसेवाला, 4) कौरव-पांडवों की वीरगाथा, 7) चुलबुला; उपद्रवी, 9) फ़लाना, 10) पराया; पंख, 11) भय, चिंता आदि के कारण मस्तिष्क की नसों का तन जाना जिसके कारण विकलता बढ़ जाती है; वैमनस्य, 12) पराजय, 13) मद्यकक्ष, 14) सचेत, 16) लगा *(दरवाज़ा)*; मुँदा *(आँख)*; आम हड़ताल, 17) सौगंध, 18) औलाद, 19) चुप्पी, 20) नौकाघाट; आग़ोश, 21) कर्ण, 24) शामियाना दीवार, 26) क्षमता; साहस, 27) दड़बा *(कबूतर का)*.

➲ *ऊपर से नीचे*:- 2) कसौटी; मानदंड; *क्राइटेरियन*, 3) ज़ुल्फ़, 4) बटाणा, 5) अनुवाद, 6) देखरेख, 8) उपभोग; बिक्री; व्यय, 9) दीर्घ काल, 12) सलामी, 13) फिर; उपरान्त, 15) गणवेश, 16) अनुर्वर, 17) मुख, 19) मृत्यु, 20) भंडारघर, 22) भूतकालीन, 23) एक नदी, 24) अगला दिन, 25) इस के आगे नहीं; तलक

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | म | ■ | दे | हा | व | सा | न | ■ | श |
| ल | ■ | औ | र | ■ | ज़ | ■ | या | च | क |
| फ़ | फो | ला | ■ | ऐ | न | क | ■ | ना | र |
| ना | ■ | द | स्त | ■ | दा | म | न | ■ | कं |
| मा | स | ■ | व | ज़ी | र | ■ | न | ग | द |
| ■ | व | र्त | न | ■ | ■ | अं | द | र | ■ |
| स्व | र्ण | ■ | ■ | वि | ग | त | ■ | ल | हू |
| च्छ | ■ | पु | रु | ष | ■ | का | म | ■ | ब |
| ता | रु | ण्य | ■ | म | खौ | ल | ■ | ब | हू |

## सुडोकू-पहेली-2898

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | | 1 | |
| | 9 | | | | 5 | | | |
| | | | | | | | 4 | |
| 3 | 5 | | | | | 2 | | |
| | | | 1 | | | | | |
| | | | | | | 9 | | |
| | | 6 | 4 | 1 | | | | |
| 7 | | | | | | 5 | | 3 |
| | | | 8 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2897 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 1 | 5 | 2 | 7 | 4 | 3 | 9 | 6 |
| 4 | 9 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 | 7 | 8 |
| 2 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 7 | 1 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 5 | 3 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 2 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 6 | 5 | 2 | 9 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 8 | 9 | 4 | 3 | 1 |

# हर पांच साल में 10 प्रतिशत दर से बढ़ेगी संपत्ति की कीमत, लाया जा रहा है विधेयक

## नौ नंवबर को इससे संबंधित दोनों विधेयक पेश किए जाएंगे

**कोलकाता, समाज्ञा :** नियमानुसार हर पांच साल में संपत्ति का मूल्य निर्धारित होना चाहिए। भले ही, वह प्रक्रिया पूरी न हो, संपत्ति के मूल्यों में अब से हर पांच साल में सालाना 10 प्रतिशत की वृद्धि तय है। यानी, उस अनुपात में अतिरिक्त टैक्स चुकाना पड़ सकता है। राज्य इस नियम को लागू करने के लिए विधानसभा के वर्तमान सत्र में आगामी सोमवार को विधेयक पेश करने जा रहा है। वैल्यूएशन बोर्ड राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों में संपत्ति का मूल्य निर्धारित करता है। उस प्रक्रिया के अनुसार हर पांच साल में वार्षिक किराया मूल्य (एआरवी) तय किया जाता है, जिसके आधार पर नगर निगम अधिकारी संपत्ति पर टैक्स लेते हैं। इस बार, विधानसभा में मौजूदा कानून में संशोधन कर कहा गया है कि अगर पांच साल में कीमत तय नहीं हुई तो भी एआरवी पिछले मूल्य से दर 10 प्रतिशत बढ़ जाएगी। प्रशासनिक हलकों के एक वर्ग के अनुसार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नागरिकों पर कर का बोझ



डालने के खिलाफ हैं। इसलिए ऐसे उपाय पेश किए जा रहे हैं जिनमें सीधे तौर पर कर बढ़ाने की जरूरत नहीं है। सरकार के पास इस तरह से अधिक कर आने लगेगा। हालाकि, विपक्षी दलों के एक वर्ग को डर है कि यदि 'मूल्यांकन' प्रक्रिया को अनिवार्य किए बिना संपत्ति का मूल्य 10 प्रतिशत की दर से बढ़ाया जाता है, तो नागरिकों के पास आर्थिक तौर पर संपत्ति को लेकर कोई तय मानक नहीं होगा और इससे भ्रष्टाचार का जोखिम भी बढ़ जाएगा।

**❑ नई व्यवस्था से भ्रष्टाचार बढ़ने की जताई जा रही है आशंका**

सोमवार को विधानसभा में 'पश्चिम बंगाल नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2024' और 'पश्चिम बंगाल म्युनिसिपल (संशोधन) विधेयक, 2024' पेश किया जाएगा। सत्र में दोनों बिलों पर एक साथ चर्चा होगी। उन दोनों बिलों में संपत्ति की कीमत तय करने में नई व्यवस्था जोड़ने की बात कही गई है। शहरी विकास विभाग ने बिल में कहा है कि कई मामलों में संपत्ति का वार्षिक मूल्य (एआरवी) निर्धारित करना मुश्किल है। इसके अलावा, नगर निगम के बाहर अन्य शहरी क्षेत्रों में भी खाली जमीन या मकानों के उपयोग का पैटर्न बदल रहा है। संपत्ति का मूल्य उसी के अनुसार निर्धारित किया जाना चाहिए। अगर पांच साल में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया तो हर हाल में 10 प्रतिशत कीमतें बढ़ जाएंगी। एक समय राज्य में संपत्ति की कीमतें निजी एजेंसियां तय करती थीं। भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे थे। वैल्यूएशन बोर्ड की शुरुआत वामपंथी कार्यकाल के दौरान एक वरिष्ठ आइएएस को शीर्ष पर रखकर की गई थी। हर पांच साल में वह बोर्ड कीमत तय करता है और उसी हिसाब से एआरवी तय होती है। जिससे संपत्ति कर आता है। उस कर के भुगतान के समय यदि संपत्ति के मालिक की ओर से कोई शिकायत या आपत्ति हो तो उस दौरान 'निपटान समिति' में रखी जाती थी। निष्पक्षता के लिए उस कमेटी में वार्ड प्रतिनिधियों को नहीं रखा गया था। प्रस्तावित नई प्रणाली के संबंध में वामपंथी शासनकाल में शहरी विकास मंत्री रहे अशोक भट्टाचार्य का कहना है कि मूल्यांकन बोर्ड के माध्यम से पांच साल का मूल्यांकन अनिवार्य होना चाहिए। यदि प्रक्रिया हर पांच साल में की जाती है तो एआरवी घट या बढ़ सकती है। नया बिल अमीर या गरीब सभी के लिए समान दर से कीमतें बढ़ाएगा। ऐसी मनमानी व्यवस्था अनुचित है, इससे भ्रष्टाचार बढ़ेगा। हालांकि, नगर पालिका विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि संपत्ति कर भुगतान में संबंधित व्यक्ति रेट चार्ट के अनुसार स्व-मूल्यांकन कर हिसाब-किताब जमा कर सकता है। वह प्रावधान संशोधन विधेयक में है।

# एनआईए के डीजी ने राज्य पुलिस के डीजी के साथ की अहम बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के डीजी ने राज्य पुलिस के डीजी के साथ एक अहम बैठक की। एनआईए राज्य के कई मामलों की जांच कर रही है। साथ ही, पड़ोसी देश बांगलादेश की अशांत स्थिति के कारण सीमा पार से घुसपैठ की आशंका भी बढ़ गई है। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में इन सभी मुद्दों पर चर्चा की गई। वर्तमान में एनआईए राज्य के कई मामलों की जांच कर रही है, जिनमें अक्टूबर महीने में बीरभूम के खयराशोल कोयला खदान में विस्फोट से 8 लोगों की मौत, पूर्व



मेदिनीपुर के भूपतिनगर में पटाखे के विस्फोट, पूर्व मेदिनीपुर के मयना में बीजेपी कार्यकर्ता की पीट-पीट कर हत्या, दारिभिट कांड और बैरकपुर के बीजेपी नेता अर्जुन सिंह पर हमले के मामले शामिल हैं। इसके अलावा, एनआईए कई माओवादी आतंकवादी हमलों की भी जांच कर रही है। एनआईए ने कुछ मामलों में राज्य पुलिस के खिलाफ पहले ही सहयोग न करने का आरोप लगाया था। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में इन मुद्दों पर दोनों शीर्ष अधिकारियों के बीच चर्चा हुई है। इसके साथ ही, बांगलादेश में हो रही अशांति के कारण राज्य की सीमा थानों में कानून-व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई। हालांकि, इस बैठक के बारे में आधिकारिक रूप से किसी भी पक्ष ने खुलकर कुछ नहीं बोला है। दोनों पक्ष के अधिकारियों का कहना था कि यह एक सामान्य बैठक थी।

# बांग्लादेश होकर बंगाल में प्रवेश करने के फिराक में आतंकी, खुफिया एजेंसियों ने पुलिस को किया सतर्क

**कोलकाता, समाज्ञा :** पाकिस्तान के आतंकी बांग्लादेश होकर बंगाल में प्रवेश कर सकते हैं। खुफिया एजेंसियों ने इसे लेकर कोलकाता पुलिस को सतर्क किया है। खुफिया एजेंसियों ने कहा है कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद पाक गुप्तचर संस्था आईएसआई काफी सक्रिय हो गई है। वह बांग्लादेश के रास्ते से बंगाल में अपने आतंकी भेजने की फिराक में है। वह बंगाल में अपने स्लीपर सेल और जिहादी माड्यूल को सक्रिय करना चाहता है। खुफिया एजेंसियों ने पुलिस से पासपोर्ट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया में विशेष रूप से सावधानी बरतने को कहा है। पासपोर्ट के लिए आवेदन करने वालों के घर जाकर उनके आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र व अन्य जरुरी दस्तावेजों की बारीकी से जांच करने को कहा गया है। खुफिया एजेंसियों का कहना है कि फर्जी दस्तावेज देकर पासपोर्ट बनवाने के मामलों में तेजी देखी गई है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में, कोलकाता के पार्क स्ट्रीट इलाके के एक होटल से सलीम मतब्बर नामक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया था, जो फर्जी दस्तावेजों के जरिए पासपोर्ट बनवाकर दो साल से कोलकाता में रह रहा था और उक्त होटल में काम कर रहा था।

**Name Change**

I Pratima Das D/o Ranjan Das and W/o Swarajit Golder R/o VTC-Kaliani, PO-Kaliani, Dist-North 24 Parganas, West Bengal - 743423, have changed my name to Pratima Golder.

I Laboni Chakraborty D/o Parimal Chakraborty and W/o Rathindra Nath Mishra R/o Village-Kumarchak, PO-Kumarchak, PS-Nandakumar, Dist-Purba Medinipur, West Bengal - 721652, have changed my name to Laboni Chakraborty Mishra.

I, Palak Thakur, daughter of No.JC291223M, Rank Sub (OPR), Ashok Kumar, resident of Kohin, Bafrin, Hamirpur, Kohin (45/72), Himachal Pradesh-177029, do hereby solemnly affirm and declare that I have change my name to "Palak" DOB 15th July 2005 and Palak Thakur and Palak pertain to one and same person via affidavit before the Notary Alipore Judges Court dated 18th November 2024.

I, Ankita Kumari, daughter of No.JC291223M, Rank Sub (OPR), Ashok Kumar, resident of Kohin, Bafrin, Hamirpur, Kohin (45/72), Himachal Pradesh-177029, do hereby solemnly affirm and declare that I have changed my name to "Ankita" DOB 6th September 2001 and Ankita Kumari and Ankita pertain to one and same person via affidavit before the Notary Alipore Judges Court dated 18th November 2024.

I,SANJOY KAPOOR(OLD NAME) SON OF LATE JAGDISH KAPOOR,RESIDING AT 16,RAMESHWAR MALIA 1ST BYE LANE ,PS -HOWRAH,PIN-711101 ,WEST BENGAL, INDIA, HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCEFORTH KNOWN AS SANJAY KAPOOR (NEW NAME) AS DECLARED BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 05/12/2024.SANJOY KAPOOR(OLD NAME ) SANJAY KAPOOR (NEW NAME) BOTH ARE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.

**Lost & Found**

I, Prafulla Nath S/o Babaji Nath, Add : 101, B.K. Paul Avenue, P.O : Hatkhola, PS: Jorabagan, Kolkata, WB, PIN : 700005, cannot found my previous Deed of Land being no. I-06242 and a General Power of Attorney of Land being No. IV-0167 on 25.11.2024. I have lodged a G.D. on 30.11.2024 at Jorabagan Police Station,GDE No. 2268 dt 30.11.2024
Description of Land as follows: Plot No. : 11, Mouza : - Udayrajpur, J.L No. : 43, RE.SA No. :- 6, R.S. Dag No :- 114, L.R. Dag No : 333, R.S Khatian No. : 1090, L.R Khatian No. 1265, 1266, 1267, 1268, 1269, 1270, 1271 and 1272, Ward No. 1 (Old.) 14 (New), Madhyamgram Municipality, PS.-Barasat, Dist : 24 Pgs (N), Kolkata : 700130, W.B.
If anyone find the above mentioned deeds please Contact at Mobile No.: 9038137440 and return.

# ओडिशा के मंत्री ने राज्य में आलू संकट के लिए मुख्यमंत्री ममता को ठहराया जिम्मेदार

**भुवनेश्वर/कोलकाता :** ओडिशा के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण मंत्री के सी पात्रा ने राज्य में मौजूदा आलू संकट के लिए पश्चिम बंगाल सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए गुरुवार को कहा कि वह ओडिशा की भाजपा सरकार को बदनाम करने के लिए कृत्रिम कमी पैदा कर रही है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि ओडिशा सरकार को बदनाम करने के लिए कृत्रिम कमी पैदा की गई। हाल ही में, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ओडिशा में आलू की आपूर्ति बंद कर दी थी। बाद में, वह इसे बहाल करने पर सहमत हो गई थीं। इस संकट से निपटने के तौर-तरीके को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच पात्रा ने कहा कि मैं नहीं समझ पा रहा हूं कि वह (पश्चिम बंगाल सरकार) यह क्यों कर रही है। यह स्पष्ट है कि जब बाजार में कम आपूर्ति होगी तो दाम बढेंगे। यह पूछे जाने पर कि यह संकट कब तक रहेगा, पात्रा ने कहा कि फिलहाल ओडिशा में आलू का पर्याप्त भंडार है तथा दाम अंततः अपने आप नीचे आ जाएंगे। हालांकि, विपक्षी बीजू जनता दल (बीजद) के विधायक गौतम बुद्ध ने पात्रा की टिप्पणी की आलोचना की और उन पर जिम्मेदारी से बचने का आरोप लगाया।

# कोलकाता से यूरोप-अमेरिका के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की मांग पर विधानसभा में प्रस्ताव पारित, भाजपा ने भी प्रस्ताव किया समर्थन

## भाजपा के विधायक भी राज्य के किसी प्रतिनिधमंडल के साथ दिल्ली जाने को हैं तैयार : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा में गुरुवार को एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें केंद्र सरकार से कोलकाता से यूरोप और अमेरिका के लिए सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करने के लिए एयरलाइनों को मनाने का आग्रह किया गया। सदन में प्रस्ताव पेश करने वाली वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र और बंगाल सरकार को इस संबंध में मिलकर काम करना चाहिए। सदन में नियम 185 के तहत लाए गए प्रस्ताव बिना किसी विरोध के पारित हो गया। पारित प्रस्ताव कहा गया कि यह सदन केंद्र सरकार से आग्रह करता है कि वह विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और घरेलू एयरलाइनों को कोलकाता से यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए नियमित आधार पर सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करने के लिए आकर्षित करे, ताकि इस क्षेत्र के यात्रियों की कठिनाइयों को समाप्त किया जा सके और पर्यटन की अपार संभावनाओं को बढ़ावा दिया जा सके। प्रस्ताव का समर्थन



करते हुए विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि कोलकाता से अंतरराष्ट्रीय उड़ान संपर्क बढ़ाने के लिए सदन द्वारा केंद्रीय विमानन मंत्री को भेजे जाने वाले किसी भी प्रतिनिधिमंडल में भाजपा विधायक शामिल होंगे।

**❑ एयरपोर्ट के विस्तार के लिए जमीन नहीं उपलब्ध कराने का लगाया आरोप**

हालांकि, शुभेंदु सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर राज्य में नागरिक उड्डयन के लिए कुछ हवाई अड्डों के विस्तार के लिए भूमि उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया, जिसमें हासीमारा और कलाईकुंडा शामिल हैं, जो भारतीय वायु सेना के हैं। शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर द्वितीय रनवे के विस्तार में भी बाधाएं आ रही हैं। उन्होंने कहा कि सिंगुर से टाटा मोटर्स का बाहर जाना भी राज्य के लिए नकारात्मक रहा। उन्होंने कहा कि यात्री मांग और आर्थिक व्यवहार्यता अंतरराष्ट्रीय या घरेलू एयरलाइनों के शहर में आने के लिए कुछ मुख्य मानदंड हैं। टाटा मोटर्स ने भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन के बाद 2008 में सिंगुर से अपना नैनो कार संयंत्र गुजरात के साणंद में स्थानांतरित कर दिया था। वित्तमंत्री भट्टाचार्य ने कहा कि यूरोप और अमेरिका से कोलकाता के लिए सीधी कनेक्टिविटी छात्रों, व्यापारियों और पर्यटकों के लिए बहुत मददगार होगी। उन्होंने कहा कि सीमित अंतरराष्ट्रीय संपर्क के कारण, शहर या भारत के पूर्वी भाग से यूरोप या अमेरिका की यात्रा करने वाले यात्रियों को दिल्ली, मुंबई, दुबई, दोहा, अबू धाबी या सिंगापुर में रुकना पड़ता है।

**आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली**

**ई-निविदा सूचना सं0- 18/2024-25 (खुली)/उमुइं ।।/एमसीएफ/आरबीएल**

उप मुख्य इंजीनियर-।।/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है।

| क्रम सं | कार्य का नाम | निविदा सं0 | अनुमानित लागत (रू0) | निविदा खुलने की तिथि | कार्य समापन की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 240 पुराने टाईप-।।। आवासों में अतिरिक्त शौचालय के निर्माण का कार्य। | 16/2024-25-RT1 | 3,71,55,817.49 | 08.01.2025 | 12 माह |

● निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। ● अधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।

उप मुख्य इंजीनियर-।।,
आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक** 03.12.2024, मंडल अभियंता/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं.: टीएन-194-24-25, कार्य का नाम:** एईएन/डब्ल्यू/।/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/डब्ल्यू/सियालदह के अंतर्गत सियालदह (40 शय्या) में नया लेडीज आरपीएफ बैरक। **निविदा मूल्य :** रु.1,27,79,925.09, **बयाना राशि :** रु. 2,13,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 27.12.2024 को 15.00 बजे। (1) निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः www.ireps. gov.in पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (2) **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 27.12.2024 को 15.00 बजे है।

SDAH-261/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/डीईवी/ई-ऑक्शन/पीयू/एचडब्ल्यूएच/2022, दिनांक** 03.12.2024, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 3 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए **बाली स्टेशन** में सामान्य पे एंड यूज शौचालय के परिचालन और रखरखाव के लिए नया ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। संदर्भित ई-ऑक्शन रेलवे बोर्ड के फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर नं. 11 ऑफ 2022 एवं कमर्शियल सर्कुलर नं. 14 ऑफ 2022 के अनुसार संचालित है। अधिक जानकारी और ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से देखें। **ऑक्शन कैटलॉग सं. पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-01-आर, लॉट सं./कैटेगरी:** पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई-टीओआई-46-24-3, **स्टेशन:** बाली स्टेशन (बीएलवाई)। **नीलामी की तिथि और समय :** दिनांक 18.12.2024 को 12.00 बजे।

HWH-462/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# महुआ मोइत्रा के खिलाफ छह तृणमूल विधायकों ने खोला मोर्चा

## ममता को पत्र लिखकर की शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा पर गंभीर आरोप लगाते हुए तृणमूल के छह विधायकों ने पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी से शिकायत की है। शिकायत करने वालों में महुआ के संसदीय क्षेत्र के पांच विधायकों और उनके पूर्व विधानसभा क्षेत्र करीमपुर के विधायक शामिल हैं। ममता को लिखे पत्र में करीमपुर के विधायक बिमलेंदु सिंहराय, चापड़ा के रुकबानुर रहमान, नकाशीपाड़ा के कल्लोल खां, पलाशीपाड़ा के माणिक भट्टाचार्य, कृष्णनगर दक्षिण के उज्ज्वल विश्वास और कलिगंज के नसीरुद्दीन अहमद ने हस्ताक्षर किए हैं। इन विधायकों का दावा है कि महुआ उन्हें नजरअंदाज कर ब्लॉक अध्यक्षों और बूथ अध्यक्षों के तबादले कर रही हैं। इसके साथ ही विपक्षी गुटों को बढ़ावा देने और



अल्पसंख्यक क्षेत्रों में विवादास्पद लोगों के साथ गतिविधियों में शामिल होने जैसे मुद्दे शामिल हैं। शिकायत के अनुसार, महुआ पर यह भी आरोप है कि वह वर्तमान विधायकों को दरकिनार कर 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए नए उम्मीदवारों को बढ़ावा देने की योजना बना रही हैं। इसके अलावा, पार्टी के कार्यक्रमों में उनकी गैरमौजूदगी और विधायकों के खिलाफ कार्रवाई को बढ़ावा देने का भी उल्लेख किया गया है।



कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में उमड़ा आगंतुकों का सैलाब

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-11-24, दिनांक** 03.12.2024, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी), पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए **निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-11-24** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के हरिणसिंह में पूर्ण लंबाई की गुड्स ट्रेन के आवास हेतु लाइन नं. 2 (मेन लाइन) के सीएएल/सीएसआर को बढ़ाने हेतु दुमका सिरे पर एक्स-ओवर पॉइंट नं. 53 ए/बी के स्थानांतरण और एक्स-ओवर पॉइंट नं. 54 ए/बी से आगे पुनःस्थापित करने के संबंध में 50 हर्ट्ज सिंगल फेज 25 केवी एसी ओएचई की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ करना। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.32,75,712.50, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि /बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु.65,500/-, **कार्य की समापन अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 18 (अठारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 26.12.2024, 15.00 बजे। **निविदा का खोला जाना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-461/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सियालदह मंडल के तहत पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

कालीनारायणपुर में यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के संबंध में 1.86 मीटर चौड़े फूट ओवर ब्रिज को विखंडित करने के लिए सियालदह मंडल के तहत कालीनारायणपुर स्टेशन यार्ड में अप मेन लाइन पर **दिनांक 07.12.2024 (शनिवार) की रात 11.00 बजे से दिनांक 08.12.2024 (रविवार) की सुबह 06.00 बजे तक 07 घंटे पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, **दिनांक 07/08.12.2024 (शनिवार/रविवार)** की मध्यवर्ती रात को ट्रेन संचालन के लिए नीचे उल्लेखित व्यवस्था की गई जाएगी: ● **ट्रेनों का निरसन: दिनांक 07.12.2024 (शनिवार): (1) सियालदह-शांतिपुर :** अप 31539 / डाउन 31538, **(2) सियालदह-कृष्णनगर सिटी जंक्शन:** अप 31843 / डाउन 31838, **(3) सियालदह-लालगोला:** अप 03191/ डाउन 03190; **दिनांक 08.12.2024 (रविवार): (1) रानाघाट-कृष्णनगर सिटी जंक्शन:** अप 31721, 31723 / डाउन 31722; **(2) सियालदह-कृष्णनगर सिटी जंक्शन:** अप 31811 / डाउन 31812, 31816. **(3) रानाघाट-शांतिपुर:** अप 31785 / डाउन 31788. **(4) रानाघाट-लालगोला :** अप 31765 / डाउन 31768. **(5) सियालदह-शांतिपुर** : अप 31511 / डाउन 31514. ● **ट्रेनों का पुनर्निर्धारण एवं नियंत्रण : 03171 सियालदह-लालगोला पैसेंजर स्पेशल दिनांक 08.12.2024 (रविवार)** को 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी यानी सियालदह से रात 03.45 बजे के स्थान **प्रातः 04.15 बजे** रवाना होगी तथा ब्लॉक के समाप्त होने तक मार्ग में रानाघाट तक नियंत्रित की जाएगी एवं मार्ग में कृष्णनगर सिटी जंक्शन तक सभी स्टेशनों में ठहरेगी। ● **ट्रेनों का संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरूः 31541 अप सियालदह-शांतिपुर लोकल दिनांक 07.12.2024 (शनिवार)** को शांतिपुर के स्थान पर रानाघाट में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी तथा **31512 डाउन शांतिपुर-सियालदह लोकल दिनांक 08.12.2024 (रविवार)** को शांतिपुर के स्थान पर रानाघाट से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# हांसखाली में सड़क दुर्घटना में बीएसएफ जवान की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में कृष्णानगर से हांसखाली की ओर जाने वाले रास्ते पर स्टेट हाईवे पर बुधवार रात सड़क दुर्घटना में एक बीएसएफ जवान की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जवान बुधवार रात घर लौट रहा था तभी हादसा हो गया। शव खाली सड़क पर लहूलुहान अवस्था में पड़ा था। पुलिस ने मौके से शव बरामद कर लिया है। मामले की जांच शुरू हो गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृत जवान का नाम शुभंकर अधिकारी था। वह हंसखाली थाने के बेनाली नतूनग्राम इलाके के निवासी थे। बुधवार रात करीब 11 बजे वह बाइक से अकेले घर लौट रहा था। शुभंकर का शव लहूलुहान अवस्था में सड़क पर पड़ा देख राहगीरों ने स्थानीय थाने को सूचना दी।

# आरजीकर पीड़िता के माता-पिता ने बनाया सोशल मीडिया अकाउंट, न्याय के लिए मांगा समर्थन

## कहा... 'आरजीकर घटना को भाजपा ने भुलाया, हम सड़क पर उतरेंगे'

### ✒ आज जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट द्वारा स्वास्थ्य भवन तक निकाली जा रही रैली में लेंगे भाग

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में करीब चार महीने पहले जिस चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी उसके माता-पिता ने गुरुवार को अपनी बेटी के लिए न्याय की मांग करने में राज्य में विपक्षी दल भाजपा की भूमिका पर अप्रसन्नता जताई। चिकित्सक के अभिभावकों ने यह भी कहा कि वे इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतरेंगे। मृतक महिला चिकित्सक के अभिभावकों ने कहा कि ऐसा लगता है कि हमारी बेटी के साथ हुई दरिंदगी और हत्या को पश्चिम बंगाल की मुख्य विपक्षी पार्टी ने भुला दिया है, लेकिन हम अपनी बेटी को नहीं भुला सकते। हम सड़क पर उतरकर विरोध करेंगे। आम लोग हमारे साथ हैं। जूनियर डॉक्टर हमारे साथ हैं। मृतक चिकित्सक के पिता ने कहा कि हम कल 'जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट' द्वारा स्वास्थ्य भवन (स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय) तक आहूत रैली में भाग लेंगे। वहीं, चिकित्सक की मां ने कहा कि राज्य के मेडिकल कॉलेजों में, पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल में धमकी संस्कृति को बढ़ावा देने के आरोपी कुछ कनिष्ठ चिकित्सकों को बहाल किए जाने से घटना के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को सजा दिलाने की मंशा पर संदेह पैदा होता है। उन्होंने कहा कि लेकिन हम घर के अंदर नहीं बैठेंगे। भले ही किसी को यह लग रहा हो कि अभया (मृतक आर जी कर चिकित्सक को दिया गया प्रतीकात्मक नाम) के लिए आंदोलन खत्म हो जाएगा, हम ऐसा नहीं होने देंगे। हमारे मित्र ऐसा नहीं होने देंगे। चिकित्सक के माता-पिता ने 'ट्रुथ एंड जस्टिस : वॉयस फॉर आर जी कर विक्टिम' नाम से एक फेसबुक अकाउंट भी खोला है। पीड़िता के माता-पिता ने फेसबुक पेज पर एक लिखित और एक वीडियो मैसेज अपलोड किया है जिसमें उन्होंने अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए मदद की गुहार लगाई है। लिखित संदेश में कहा गया है कि हमारी बेटी के लिए न्याय। हम मजबूती के डटे हुए हैं, लेकिन हम अकेले इसे हासिल नहीं कर सकते। आपकी आवाज, आपके समर्थन और आपके प्यार से फर्क पड़ेगा। हम अन्याय को उजागर करने और जो सही है उसकी मांग के लिए एकजुट हों। साथ मिलने हम उम्मीद और उत्तरदायित्व की अपेक्षा कर सकते हैं। कृपया हमारे साथ जुड़े रहिए। शेयर करें, अपनी बात रखें और समर्थन दें। हैशटैग में उन्होंने 'जस्टिस फॉर ऑवर डॉटर' और 'जस्टिस फॉर आरजीकर' लिखा है। उन्होंने कहा कि घटना को लगभग छह महीने हो चुके हैं और अब तक उन्हें यह भी ठीक-ठीक पता नहीं है कि उस रात उनकी बेटी के साथ क्या हुआ था। वीडियो मैसेज में उन्होंने दावा किया है कि पहले कोलकाता पुलिस जांच कर रही थी और हमें लगा कि वह सही दिशा में नहीं जा रही थी। इसलिए हमने कलकत्ता हाईकोर्ट में अर्जी दी कि जांच का जिम्मा किसी बेहतर एजेंसी को सौंपा जाए। इसके बाद, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को जांच सौंपी गई। उसे भी करीब चार महीने बीत चुके हैं, लेकिन जांच में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। हम अब भी अपनी बेटी के लिए न्याय का इंतजार कर रहे हैं। हम देश के लोगों से हमारी बेटी के लिए न्याय की मांग से जुड़ने की अपील करते हैं।

www.samagya.in

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# छात्रा के साथ प्रोफेसर ने की अश्लील बातें, चैट वायरल होते ही प्रोफेसर सस्पेंड

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय के बाद अब स्कॉटिशचर्च कॉलेज के प्रोफेसर को एक छात्रा के साथ अश्लील बातें करने के आरोप में सस्पेंड कर दिया। बुधवार को व्हाट्सएप पर किया गया अश्लील चैट वायरल हो गया और उसके बाद गुरुवार की सुबह से ही कॉलेज के मुख्य गेट पर छात्र-छात्राओं ने विरोध करना शुरू कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, स्कॉटिश चर्च कॉलेज के छात्रों का आरोप है कि फिजिकल एडुकेशन विभाग का एक प्रोफेसर लगातार



छात्रा से व्हाट्सएप पर अश्लील बातें कर रहा था और अश्लील प्रस्ताव भी दे रहा था। यह सिलसिला जून महीने से चल रहा था। छात्रा ने बार-बार इसकी शिकायत कॉलेज के सहायक प्रधानाचार्य और प्रधानाचार्य से की थी, लेकिन आरोप है कि प्रोफेसर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई और न ही उन्हें चेतावनी दी गई। बुधवार को उस प्रोफेसर का 'अश्लील' चैट वायरल होने के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद गुरुवार को सुबह से छात्र-छात्राओं ने न्याय की मांग करते हुए कॉलेज के गेट पर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। सूत्रों के अनुसार, छात्रों के विरोध के चलते कॉलेज के प्रधानाचार्य और सह-प्रधानाचार्य को घेर लिया गया था। इस विरोध के कारण आरोपी प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया गया।

## अशांति के कारण बांग्लादेश के व्यापारी कोलकाता व्यापार मेले में नहीं आए

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में जारी अशांति और अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरों के बीच पड़ोसी देश के व्यापारी कोलकाता व्यापार मेले में नहीं आए, लेकिन स्थानीय व्यापारियों ने उनके स्टॉल का प्रबंधन संभाला और उनके उत्पाद बेचे। हितधारकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भारतीय व्यापार मेलों में पारंपरिक जामदानी साड़ियों और एफएमसीजी उत्पादों को बेचने के लिए मशहूर व्यापारी बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के पतन और वहां मानवाधिकार संकट के मद्देनजर वीजा प्रतिबंधों के कारण इस अस्थायी बाजार में शामिल नहीं हो पाए हैं। आयोजकों के अनुसार, कम से कम सात बांग्लादेशी व्यापारी, वीजा हासिल करने में असफल रहे। उन्हें 30 नवंबर को कोलकाता के पूर्वी इलाके न्यू टाउन में शुरू हुए इंडिया इंटरनेशनल ग्रैंड ट्रेड फेयर (आईआईजीटीएफ) में शामिल होना था। मेले के एक आयोजक ने बताया कि आमतौर पर, ये अंतराष्ट्रीय व्यापारी हर साल फरवरी-मार्च तक सर्दियों के मौसम में कोलकाता और अन्य भारतीय शहरों में कई व्यापार मेलों में भाग लेते हैं। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एन जी खेतान ने बताया कि हमारी जानकारी के अनुसार, सात बांग्लादेशी व्यापारियों को इस मेले में आना था, लेकिन वे वीजा संबंधी समस्याओं के कारण नहीं आ सके। इस मेले का आयोजन भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सीसीजी मार्केटिंग एंड सर्विसेज के सहयोग से किया है। आईआईजीटीएफ 2024 मेले में आठ देशों और 16 भारतीय राज्यों के व्यापारी भाग ले रहे हैं। यह मेला 15 दिसंबर तक चलेगा। एक व्यापारी ने कहा कि पड़ोसी देश में संकट बढ़ने से पहले भेजे गए कुछ बांग्लादेशी फैशन आइटम और साड़ी की खेप अब भी कुछ स्टॉल पर उपलब्ध हैं, जिसका श्रेय उनके स्थानीय सहयोगियों को जाता है। स्थानीय सहयोगियों को यह भी डर है कि पड़ोसी देश में हिंदुओं पर अत्याचार की खबरों के बीच बांग्लादेशी सामान की बिक्री कम हो सकती है।

### प्रश्नपत्र लीक रोकने के लिए उच्च माध्यमिक पार्षद ने उठाया कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस बार उच्च माध्यमिक पार्षद ने प्रश्नपत्रों के लीक होने को रोकने के लिए नई पहल शुरू की। इतने समय तक प्रश्नपत्र संसद से विभिन्न चरणों से गुजरते हुए परीक्षा कक्ष तक पहुंचता था। संसद अध्यक्ष चिरंजीव भट्टाचार्य ने कहा कि आगामी उच्च माध्यमिक परीक्षा में उन चरणों को हटा दिया गया है। एक नियम के रूप में, प्रश्नपत्र सीधे संसद से परीक्षा केंद्र पर पर्यवेक्षक के कमरे में पहुंचाए जाते हैं। उसके बाद, पर्यवेक्षक परीक्षा शुरू होने से कम से कम 45 मिनट पहले प्रश्नपत्र की सील खोलता था। बाद में, इसे दोबारा सील कर परीक्षा कक्ष में भेज दिया जाता था। संसद अध्यक्ष ने कहा कि अब से पर्यवेक्षक कक्ष में प्रश्नपत्र की सील नहीं खोली जायेगी। परीक्षा शुरू होते ही छात्रों के सामने सील खोल दी जाएगी।

### स्कूल नौकरी घोटाले की आरोपित अर्पिता मुखर्जी अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल नौकरी घोटाले की मुख्य आरोपित और पूर्व शिक्षा मंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी को गुरुवार को कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अर्पिता मुखर्जी को पिछले महीने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत ने जमानत दी थी। जमानत उस समय मिली थी जब वे अपनी मां के निधन के कारण पांच दिन की पैरोल पर थीं। गुरुवार की सुबह गंभीर पेट संक्रमण की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बंगाल में बैंक आफ बड़ौदा करेगा ईपीएस पेंशन वितरित

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैंक आफ बड़ौदा ने गुरुवार को कहा कि उसे कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस), 1995 के तहत बंगाल में पेंशन वितरित करने वाले बैंक के रूप में नामित किया गया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ईपीएस सामाजिक सुरक्षा योजना है। बैंक आफ बड़ौदा ने एक बयान में कहा कि बैंक के कोलकाता जोन और ईपीएफओ के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय के बीच इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ बंगाल में पेंशनभोगी अब राज्य भर में बैंक आफ बड़ौदा की 300 से अधिक शाखाओं और 400 एटीएम के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से पेंशन वितरण सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## संस्थान में शैक्षणिक गतिविधियों को बाधित करने की नहीं दी जाएगी अनुमति : आईआईटी खड़गपुर

**अनुशासनात्मक आधार पर 85 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद संस्थान की दो टूक**



**कोलकाता, समाज्ञा :** अनुशासनात्मक आधार पर 85 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के कुछ दिनों बाद आईआईटी खड़गपुर ने गुरुवार को कहा कि संस्थान में कुछ लोगों द्वारा सामान्य शैक्षणिक गतिविधियों को बाधित करने की किसी भी कोशिश की अनुमति नहीं दी जाएगी। संस्थान के अधिकारियों ने 12 नवंबर को आईआईटी शिक्षक संघ के चार पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भेजा था, जिन्होंने 20 सितंबर को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को पत्र लिखकर हाल के दिनों में भाई-भतीजावाद और संकाय सदस्यों की मनमानी भर्ती का आरोप लगाया था। 14 नवंबर को शिक्षकों ने रजिस्ट्रार अमित जैन को पत्र लिखकर उनके जवाब के लिए समय सीमा बढ़ाने की मांग की, जबकि 21 नवंबर को आईआईटी खड़गपुर के अधिकारियों ने कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं देने के लिए चारों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की। इसके बाद 85 शिक्षकों ने 28 नवंबर को रजिस्ट्रार को सामूहिक ज्ञापन सौंपकर कहा कि शिक्षक संघ के चार पदाधिकारियों के खिलाफ जारी कारण बताओ नोटिस को तत्काल वापस लिया जाए और अनुशासनात्मक कार्यवाही रोकी जाए। अधिकारियों ने इस महीने की शुरुआत में 85 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर सामूहिक ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने और इस तरह से आचार संहिता का उल्लंघन करने के पीछे का कारण पूछा।

इस बीच विश्वभारती विश्वविद्यालय संकाय संघ (वीबीयूएफए) ने आईआईटी खड़गपुर के कारण बताओ नोटिस जारी करने वाले प्रोफेसरों के समर्थन में आवाज उठाई।

## 'माध्यमिक उत्तरपुस्तिका में नंबर देना भूल गए परीक्षक', हाईकोर्ट ने जताया आश्चर्य



**कोलकाता, समाज्ञा :** माध्यमिक परीक्षा के मेधावी छात्र की उत्तरपुस्तिका में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। कथित तौर पर परीक्षक एक छात्र को जीवनविज्ञान में 11 अंक देना ही भूल गया। नंदीग्राम के एक माध्यमिक छात्र की उत्तरपुस्तिका फिर से जांचने का आदेश कोलकाता हाई कोर्ट ने दिया है। 'उत्तरपुस्तिका देखकर ऐसा लग रहा है कि परीक्षक अंक देने में भूल गए हैं। दो सवालों में चार अंक नहीं दिए जाने का असंगतिपूर्ण मामला अभी साफ नजर आया। यह टिप्पणियां न्यायमूर्ति सौगतो भट्टाचार्य की हैं। अंकपत्र पर परीक्षक द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर काट-छांट के आरोप लगे हैं। 8 सवालों के सही उत्तर होते हुए भी अंक नहीं दिए गए हैं। इसके बाद कोलकाता हाई कोर्ट ने माध्यमिक बोर्ड से रिपोर्ट तलब की है। न्यायमूर्ति सौगतो भट्टाचार्य ने जीवनविज्ञान के हेड एग्जामिनर को नए परीक्षक से उत्तरपुस्तिका का पुनर्मूल्यांकन करने का आदेश दिया। पुनर्मूल्यांकन के बाद रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया गया है। अगर छात्र को 11 अंक मिलते हैं, तो वह 2024 के माध्यमिक के मेरिट लिस्ट में जगह बना सकते हैं। परिजात माइती का यह छात्र नंदीग्राम के महमदपुर शिवनारायण शिक्षायतन से है। उसकी कुल प्राप्त अंक 666 हैं। जीवनविज्ञान में उसे 82 अंक मिले हैं। जबकि बंगाली में 97, अंग्रेजी में 99, गणित में 99, भौतिकी में 95, इतिहास में 95 और भूगोल में 99 अंक मिले हैं।

### आईकू ने भारत का सबसे तेज स्मार्टफोन आईकू 13 किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईकू ने भारत के सबसे तेज स्मार्टफोन आईकू 13 के लॉन्च की घोषणा की है। जो क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट से लैस भारत के पहले स्मार्टफोन में से एक है। नया आईकू 13 अपनी अत्याधुनिक तकनीक, असाधारण प्रदर्शन और उन्नत कैमरा क्षमताओं के साथ एक नया बेंचमार्क स्थापित करता है, जो सभी एक स्लीक और स्ट्राइकिंग डिजाइन में मौजूद हैं। इसमें दुनिया का पहला क्यू10 2के 144एचजेड अल्ट्रा अईकेयर डिस्प्ले और एक डायनामिक मॉन्स्टर हेलो है, जो कॉल, मैसेज, गेमिंग और म्यूजिक के लिए रियल-टाइम अलर्ट प्रदान करने के लिए फ्लैश करता है। 51,999 रुपये की शुरुआती प्रभावी कीमत के साथ, आईकू 13, 5 दिसंबर, दोपहर 12 बजे से अमेजन और आईकू ई-स्टोर पर प्री-बुकिंग के लिए उपलब्ध होगा। आईकू 13 विवो एक्सक्लूसिव स्टोर्स और अन्य मेनलाइन स्टोर्स पर भी उपलब्ध होगा। यह आईकू डिवाइस का अनुभव करने और खरीदने की सुविधा को सहज बनाता है।

### मीशो से जुड़े 5.5 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले का पर्दाफाश

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेंगलुरु साइबर क्राइम पुलिस ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म मीशो से जुड़े 5.5 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है, जिसमें गुजरात से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 1 जुलाई, 2024 को मीशो द्वारा दर्ज की गई एफआईआर पर कार्रवाई करते हुए, बेंगलुरु साइबर सेल ने अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए एक त्वरित और गहन जांच की। मीशो की ट्रस्ट और सेफ्टी टीम ने सबसे पहले धोखाधड़ी वाली गतिविधियों की पहचान की और तुरंत मामले को कानून प्रवर्तन के पास भेज दिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा , बेंगलुरु साइबर क्राइम पुलिस डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने और व्यवसायों और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मीशो की जनरल काउंसल लोपामुद्रा राव ने कहा, हम इस मामले को सुलझाने में उनकी त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए बेंगलुरु सिटी पुलिस और साइबर क्राइम सेल के बेहद आभारी हैं।

### टर्टलमिंट ने वित्त वर्ष 2025 के त्योहारी सीजन के दौरान मोटर बीमा पॉलिसियों में 200 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक प्रमुख इंश्योरटेक प्लेटफॉर्म टर्टलमिंट ने वित्त वर्ष 2025 के त्योहारी सीजन के दौरान अपने मोटर बीमा व्यवसाय में उछाल के कारण शानदार वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने बीमा सलाहकारों के अपने व्यापक नेटवर्क के माध्यम से 4 लाख से अधिक मोटर बीमा पॉलिसियां जारी की हैं, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में बिक्री में लगभग 2 गुना वृद्धि को दर्शाता है। टर्टलमिंट के वित्त वर्ष 2025 के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त से अक्टूबर तक की अवधि के दौरान मोटर बीमा के लिए कुल प्रीमियम में पिछले वर्ष की तुलना में 2.3 गुना वृद्धि हुई है। आंकड़ों में गहराई से जाने पर पता चलता है कि टियर 2 और 3 शहरों के जरिये मोटर बीमा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास दर्ज किया गया है। इन क्षेत्रों ने बेची गई पॉलिसियों की संख्या और प्रीमियम राशि में 90 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया।

## जीआरएसई ने एनएसटीएल को सौंपा जलदूत

**कोलकाता, समाज्ञा :** गार्डेनरीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने औपचारिक रूप से विशाखापत्तनम में नेवल साइंस एंड टेक्नोलाजिकल लैबोरेटरी (एनएसटीएल) को जलदूत अनमैन्ड सरफेस वेसेल (यूएसवी) सौंपा, जो स्वदेशी स्वायत्त जहाज प्रौद्योगिकी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जलदूत की डिलीवरी 28 अक्टूबर, 2024 को हुई। इसने 17 से 21 अक्टूबर तक स्वीकृति परीक्षण पूरा किया। जीआरएसई और एनएसटीएल, डीआरडीओ द्वारा संयुक्त रूप से सर्वेक्षण और संचार मिशनों के लिए डिज़ाइन और विकसित किया गया यह अनमैन्ड सरफेस वेसेल कांपैक्ट आयामों और वजन की विशेषता वाला है। रिचार्जेबल लिथियम-आयन बैटरी द्वारा संचालित, जहाज वे प्वाइंट नेविगेशन, स्टेशन-कीपिंग और फेलसफे बिहेवियर्स को सपोर्ट करता है। यह विभिन्न सेंसरों को एकीकृत कर सकता है, जिसमें यूयूवी की ट्रैकिंग के लिए एक एकाउस्टिक पोजिशनिंग सिस्टम, एसएआर मिशन के लिए साइड स्कैन सोनार और 1080पी एचडी कैमरा शामिल हैं, जिसमें नाइट विजन क्षमता है। यह उपलब्धि जीआरएसई और एनएसटीएल/डीआरडीओ के संयुक्त आरएंडडी प्रयासों का परिणाम है।

## वक्फ कानून के विरोध में उतरा अल्पसंख्यक अधिवक्ता समाज

**कोलकाता, समाज्ञा :** वक्फ बोर्ड कानून के विपक्ष में अल्पसंख्यक अधिवक्ताओं ने कोलकाता प्रेस क्लब में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें वक्फ के खिलाफ बढ़ते मीडिया नैरेटिव और प्रचार का मुकाबला किया गया। वकीलों ने लैंड जिहाद और वक्फ टेरर जैसे शब्दों की कड़ी आलोचना की, उन्हें निराधार और स्थापित कानूनी सिद्धांतों के विपरीत बताया। वक्फ फोरम अधिवक्ता खुर्शीद आलम ने जोर देकर कहा कि वक्फ पर वर्तमान मीडिया नैरेटिव कानूनी निर्णयों पर आधारित नहीं हैं, बल्कि एकतरफा




दावों पर आधारित हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि वक्फ बोर्डों, किसानों या व्यक्तियों द्वारा किए गए दावों का न्यायिक अधिकारियों जैसे वक्फ ट्रिब्रूनल, उच्च न्यायालयों या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा फैसला किया जाता है। हालांकि, मीडिया आउटलेट दावों के आधार पर पूरी कहानियां बना रहे हैं, न कि न्यायिक तथ्यों के आधार पर। उन्होंने श्री चेन्नू राधा कृष्ण बनाम तेलंगाना वक्फ बोर्ड (2024) सहित प्रमुख निर्णयों का हवाला दिया, जहां तेलंगाना उच्च न्यायालय ने फैसला सुनारा कि श्री चेन्नू राधा कृष्ण द्वारा अतिक्रमित 300 एकड़ भूमि कानूनी तौर पर वक्फ बोर्ड की थी।

## कोलकाता से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन पर्यटकों को लेकर 'महाकुंभ पुण्य यात्रा' के लिए होगी रवाना




**कोलकाता, समाज्ञा :** रेल मंत्रालय ने भारत सरकार द्वारा परिकल्पित देखो अपना देश और एक भारत श्रेष्ठ भारत की पर्यटन अवधारणाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। इस बार महाकुंभ के अवसर पर आई.आर.सी.टी.सी. द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो कोलकाता से 18 फरवरी को कोलकाता शहर से महाकुंभ पुण्य क्षेत्र यात्रा, के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन कोलकाता से शुरू हो कर बंडेल, वर्दवान, बोलपुर, रामपुरहाट, दुमका, हंसडीहा, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर, किउल, पटना, बक्सर स्टेशन से यात्रीयो को ले कर 05 रात और 06 दिन के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन महाकुंभ स्नान के साथ-साथ वाराणसी और अयोध्या का भ्रमण भी करवाएगी। यात्रियों के सुविधा के लिए दो श्रेणी में ट्रेन यात्रा की पेशकश की गयी है। इसमें स्लीपर/ 3एसी में ट्रेन का सफर, वाराणसी में एसी और नॉन एसी बजट होटलों में ट्विन/ट्रिपल शेयरिंग पर 02 रातों के लिए और प्रयागराज में क्वाड शेयरिंग, 1 रात के लिए आवास, नॉन एसी ट्रांसपोर्टेशन, यात्रा के दौरान शाकाहारी भोजन शामिल है। इन सेवाओं के अलावा, ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट्स, हाउसकीपिंग स्टाफ, निहत्थे सुरक्षाकर्मी, सीसीटीवी, पीए सिस्टम और यात्रा बीमा कवरेज भी उपलब्ध होगा। ये सभी सुविधाएं 19,100/- प्रति व्यक्ति (इकोनॉमी क्लास/स्लीपर) और 25,100/- प्रति व्यक्ति (स्टैंडर्ड क्लास/3एसी की किफायती दर पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, आईआरसीटीसी शीघ्र ही विभिन्न घरेलू हवाई पैकेज और रेल टूर पैकेज शुरू करने की प्रक्रिया में है, जो संभवतः जनवरी के मध्य से शुरू होंगे।

## सदासुख कटरा ट्रेडर्स एसोसिएशन ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर किया आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** सदासुख कटरा ट्रेडर्स एसोसिएशन और अपोलो क्लिनिक (विवेकानंद रोड) के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन एसोसिएशन कार्यालय में किया गया। इस आयोजन में तकरीबन 115 लोगों ने अपना परीक्षण करवाया। इस कार्यक्रम को आयोजन करने में एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल, सचिव राजेश केडिया, कोषाध्यक्ष बृजमोहन डीडवानिया की मुख्य भूमिका रही और संगठन के वरिष्ठ सदस्य राज नारायण टिबरेवाल, बृजमोहन गोयनका, राजेंद्र सराफ, अनुराग अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल, राधा मोहन केडिया, प्रेमनाथ दुबे भी शामिल थे। सभी दुकानदार एवं उनके कर्मचारियों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### भारत का अफोर्डेबल हाउसिंग मार्केट 67 ट्रिलियन रुपये तक पहुंचने को तैयार : नाइट फ्रैंक इंडिया और सीआईआई की रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की अग्रणी रियल एस्टेट कंसल्टें सी, नाइट फ्रैंक ने 'इंडियन हाउसिंग लैंडस्कपि-अफोर्डेबल टु एक्सेटसिबल'पर सीआईआई सम्मेलन के दौरान अपनी नई रिपोर्ट 'अफोर्डेबल हाउसिंग इन इंडिया: डिमांड-सप्लाएई एसेसमेंट एंड फाइनेंसिंग अपॉर्च्युरनिटी' जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2030 तक सस्ते आवास सेगमेंट के लिए मौजूदा कमी और आगामी मांग 30.7 मिलियन इकाइयों तक पहुंचने का अनुमान है। नाइट फ्रैंक इंडिया के विश्लेषण के अनुसार, भारत में सस्ते आवास की संचयी मांगवर्ष 2030 तक 31.2 मिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जिसका बाजार आकार 67 ट्रिलियन रुपये तक हो सकता है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, शिशिर बैजल ने कहा कि,भारत के सस्ते आवास क्षेत्र में अप्रत्याशित उछाल आने वाला है। इस क्षेत्र में वर्ष 2030 तक 30.7 मिलियन यूनिट की कमी और मांग होने का अनुमान है। यह मांग मुख्य रूप से शहरी केंद्रों में होगी, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के परिवारों की जरूरतों से प्रेरित है।

### बजाज फिन्सर्व एएमसी ने 'बजाज फिन्सर्व हेल्थकेयर फंड' किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** बजाज फिन्सर्व एएमसी ने बजाज फिन्सर्व हेल्थकेयर फंड को लॉन्च किया है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो ग्रोथ के लिए स्वास्थ्य और सेहत से जुड़े क्षेत्रों में लंबी अवधि के लिए निवेश करती है। यह फंड सब्सक्रिप्शन के लिए 6 दिसंबर को खुलेगा और न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) की अवधि 20 दिसंबर, 2024 को समाप्त होगी। बजाज फिनसर्व हेल्थकेयर फंड उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो मुख्य रूप से फार्मास्यूटिकल्स, अस्पतालों, डायग्नोस्टिक्स और वेलनेस में लगी कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी-संबंधित इंस्ट्रूमेंट में निवेश करके लंबी अवधि में पैसा कमाने की संभावना तलाश रहे हैं। बजाज फिन्सर्व एएमसी के सीईओ गणेश मोहन कहते हैं, बजाज फिन्सर्व हेल्थकेयर फंड निवेशकों के लिए हेल्थकेयर और वेलनेस क्षेत्र में मजबूत विकास का लाभ उठाने का एक रणनीतिक रास्ता है। हेल्थकेयर फंड का बाजार के साथ संबंध कम है, इसलिए यह वैश्विक हेल्थकेयर क्षेत्र में आने वाले उछाल के साथ मेल खाने के लिए अच्छी पोजीशन में है।

### पूर्व रेलवे मिशन जीरो स्क्रैप बैलेंस की दिशा में बढ़ रहा है आगे

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने एक महत्वपूर्ण पहल, मिशन जीरो स्क्रैप बैलेंस की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य विभिन्न कार्यशालाओं और शेडों द्वारा उत्पन्न स्क्रैप का समय पर और कुशल निपटान करना है। स्क्रैप को न्यूनतम करने से न केवल कब्जे वाली जगह को खाली करने में मदद मिलती है बल्कि सौंदर्यशास्त्र और पर्यावरण की स्थिति में भी सुधार होता है। पूर्व रेलवे ने विभिन्न कार्यशालाओं और शेडों द्वारा उत्पन्न सभी उपलब्ध लौह और अलौह स्क्रैप के समय पर निपटान के लिए जीरो स्क्रैप बैलेंस का मिशन शुरू किया है। मिशन जीरो स्क्रैप बैलेंस के तहत, चालू वित्तीय वर्ष यानी 2024-25 के दौरान, 321.40 करोड़ रुपये की संचयी स्क्रैप बिक्री (नवंबर 2024 तक) उपलब्धि हासिल की है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि के दौरान स्क्रैप बिक्री की 70 करोड़ रुपये से अधिक है और पूर्व रेलवे के नवंबर 2024 तक के आनुपातिक लक्ष्य से 25 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके अलावा, चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 38 अप्रयुक्त अधिशेष लोकोमोटिव (30 एएलसीओ डीजल लोकोमोटिव), 177 अप्रयुक्त कोच और 767 अप्रयुक्त वैगन बेचे गए हैं।

## आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत खोए हुए बच्चों को सुरक्षित रूप से बचाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत परिवार वालों से अलग हुए बच्चों को सफलतापूर्वक बचाकर उनके परिजनों से मिलवाया। यह अभियान नाबालिगों के अधिकारों की सुरक्षा, शोषण को रोकने और समाज में उनका सुरक्षित पुन: एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए आरपीएफ की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

04 दिसंबर 2024 को हावड़ा डिवीजन के आरपीएफ पोस्ट ने ट्रेन संख्या 13188 डाऊन से तीन नाबालिग लड़कों को सफलतापूर्वक बचाया और 3 दिसंबर को अपने घर से भाग गई एक नाबालिग लड़की को बंडेल रेलवे स्टेशन से बचाया। बच्चों को तुरंत चाइल्ड लाइन हावड़ा को सौंप दिया गया। 01 अप्रैल 2024 और 30 नवंबर 2024 के बीच, हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदह डिवीजनों में आरपीएफ कर्मियों ने कुल 816 बच्चों को बचाया। जिसमें 542 लड़कों और 274 लड़कियां शामिल है। मंडल की बात करें तो हावड़ा मंडल में कुल 397 बच्चे, जिसमें 283 लड़के और 114 लड़कियां, सियालदह डिवीजन में कुल 83 बच्चे, जिसमें 46 लड़के और 37 लड़कियां, आसनसोल डिवीजन में कुल 145 बच्चे, जिसमें 91 लड़के और 54 लड़कियां और मालदह डिवीजन में कुल 191 बच्चे, जिसमें 122 लड़के और 69 लड़कियां शामिल है।

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की उपस्थिति में केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का 14वां दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने अपने विजयवाड़ा कैंपस में 14वां वार्षिक दीक्षांत समारोह धूमधाम से आयोजित किया। यह खास अवसर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक गर्व का पल बना। इस साल 4,706 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं, जिसमें 166 पीएच.डी. स्कॉलर, 604 पोस्टग्रेजुएट और 3,936 अंडरग्रेजुएट छात्र शामिल थे। मेधावी छात्रों को 42 गोल्ड मेडल और 37 सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। यह आयोजन शैक्षणिक यात्रा के समापन और नए अवसरों की शुरुआत का प्रतीक था। केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के चांसलर इंजीनियर कोनेरु सत्यनारायण ने समारोह की अध्यक्षता की और स्नातक छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, आज




आपका शैक्षणिक सफर खत्म नहीं हो रहा, बल्कि यह आपके उस सफर की शुरुआत है, जिसमें आप आने वाले कल की दुनिया के निर्माता बनेंगे। हमारी यूनिवर्सिटी में हम सिर्फ कुशल पेशेवर नहीं, बल्कि ऐसे दूरदर्शी व्यक्तित्व तैयार करते हैं जो चुनौतियों को अवसरों में बदलने की क्षमता रखते हैं। केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के माननीय वाईस चांसलर डॉ. जी परधा सारधी वर्मा ने संस्थान की परिवर्तनकारी यात्रा पर जोर देते हुए कहा, इस विश्वविद्यालय में, हम एक ऐसा वातावरण तैयार किया है जहां नवाचार का उद्देश्य से मिलन होता है, जिससे स्नातक पारंपरिक सीमाओं को पार कर सकें। समारोह के मुख्य अतिथि, भारत के 14वें पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने अपने विचारशील संबोधन में शिक्षा, ईमानदारी और नवाचार की शक्ति को रेखांकित करते हुए छात्रों को निरंतर सीखने और अपनी क्षमताओं को पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति अब्दुल नजीर, आंध्र प्रदेश के राज्यपाल और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश, ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर सविता कोविंद भी उपस्थित रहीं।

# शुभेंदु अधिकारी ने बांग्लादेश-बंगाल सरकार की आलोचना, 'सनातन बोर्ड' बनाने की मांग



**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे हमले के विरोध में सनातनी समाज सड़क पर उतरा। हाईकोर्ट की अनुमति से गुरुवार को 50 संगठन रानी रासमणि एवेन्यू में रैली में शामिल हुए। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान, शुभेंदु के कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट के जज ने आज की बैठक की इजाजत दी है। मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। बांग्लादेश में कई राष्ट्रवादी संगठनों ने हिंदुओं की हत्या की है, मंदिरों को नष्ट किया है, हिंदू माताओं और बहनों की इज्जत लूटी है। फालाकाटा से लेकर बेलडांगा तक हिंदू धर्म पर चोट और व्यवधान के विरोध में यह सभा सिर्फ 48 घंटे में हुई। उन्होंने कहा कि जिन्होंने भारत पर, संविधान पर हमला किया, उनके लिए कोई पुलिस अवरोध नहीं था। हाईकोर्ट नहीं जाना पड़ा।

शुभेंदु ने यह भी कहा कि फिरहाद हकीम ने 31 तारीख को यहां एक बैठक में संशोधन विधेयक के खिलाफ आवाज उठाई। इस मंच से तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने घोषणा की, पांच, पंद्रह, पच्चीस, पचास, जहां भी नमाज पढ़ी जाएगी वह वक्फ संपत्ति होगी। इसके लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं थी। पुलिस की इजाजत की जरूरत नहीं, हाईकोर्ट जाने की जरूरत नहीं। इससे मालूम होता है कि युनुस रहमत है। शुभेंदु ने याद दिलाया कि भारत सरकार चुप नहीं बैठी है। उनके अनुसार, क्या आपको याद नहीं है कि भारतीर सेना ने बांग्लादेश के लिए क्या किया था? बीएनपी नेता ने अपनी पत्नी की साड़ी जला दी। भारतीर सामान के बहिष्कार की बात कर रहे हैं। बंगाली हिंदू अभी भी एकजुट नहीं हैं।

# चंदननगर में बच्चे का संदेहास्पद स्थिति में मिला शव

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**हुगली, समाज्ञा :** चंदननगर में एक बच्चे का उसके अपने ही घर के अंदर से शव बरामद होने ने इलाके मे सनसनी फैल गई है। चंदननगर के कुंडघाट इलाके के निवासी और कलकत्ता विश्वविद्यालय के जल विभाग के कर्मचारी नवकुमार विश्वास के छह वर्षीय बेटे निखिल विश्वास का शव रहस्यमय स्थिति में बरामद उन्हीं के घर से किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चुंचुड़ा सदर इमामबाड़ा अस्पताल भेज दिया। निखिल की मां तनुश्री ने बताया कि अपने बच्चे को खाना खिलाकर वह बाहर चली गई थीं। कुछ घंटों के बाद, वह घर लौटी और देखा कि बच्चा दूसरी मंजिल पर कंबल ओढ़कर



सो रहा है। शाम को जब वह उसे खाना खाने के लिए बुलाने गई तो उसका बेटा बिस्तर पर अचेत हालत में पड़ा था। बच्चे को बेहोश देख वह घबरा गई वह फौरन घटना की जानकारी अपने पति नवकुमार को बताई। नवकुमार को जानकारी मीलते ही दौड़ा भागा घर आया और अपने बेटे को चंदननगर अस्पताल ले गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची। चंदननगर थाने की पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर बच्चों की मौत मामले में अब एक नया मोड़ सामने आया है बच्चों के माता-पिता ने आरोप लगाया है की डकैती के उद्देश्य से आए बदमाशों ने उनके बच्चे की हत्या की है घर की अलमारी खुली थी। समान अस्त व्यस्त मिले। कई बेश कीमती सामान गायब मिले हैं। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि बच्चों की हत्या की गई है। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की छानबीन में जुटी है।

# शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी की चार्जशीट में अभिषेक बनर्जी की कंपनी का नाम

**पार्थ की पत्नी के नाम पर बनाए गए फंड, उनके दामाद व करीबी सहयोगियों के नाम भी शामिल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती में हुए भ्रष्टाचार के मामले में ईडी की चार्जशीट में तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की कंपनी लीप्स एंड बाउंड्स के नाम का जिक्र है। ईडी ने इस भ्रष्टाचार मामले में पिछले दिनों अदालत में पांचवी पूरक चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट में 29 नाम हैं। 250 पन्नों की चार्जशीट में लगभग 10,000 दस्तावेज हैं। केंद्रीय एजेंसी ने चौथी पूरक चार्जशीट में कुल 25 लोगों को नामित किया गया था। चार्जशीट में राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय की पत्नी के नाम पर बनाए गए फंड बबली चटर्जी मेमोरियल ट्रस्ट का नाम है। इस फंड का प्रबंधन पार्थ के दामाद कल्याणमय भट्टाचार्य द्वारा किया जाता था। ईडी ने चार्जशीट में उनका भी नाम शामिल किया है। चार्जशीट में पार्थ के कई करीबी लोगों और उनके द्वारा चलाई जा रही कंपनियों के नाम शामिल हैं। ग्रीनटेक आइटी सिटी प्राइवेट लिमिटेड और इसके निदेशकों में से एक उदय मोदी, बंगाल मार्लिन हाउसिंग लिमिटेड और इसके निदेशकों में से एक सुशीलकुमार मोहता, दिलीपकुमार चौधरी, बहुबाजार की चिराग अप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड और इसके निदेशक सुबोधकुमार छाजेर का नाम चार्जशीट में रखा गया है। इसके अलावा चार्जशीट में न्यू इंडिया लक्ष्मी साइकिल प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशक नवीनकुमार गुप्ता, नीलाद्रि घोष, पार्थ के करीबी प्रमोटर संतु गंगोपाध्याय, ओएमआर शीट तैयार करने वाली कंपनी एस बसु राय एंड कंपनी और तापस मंडल की कंपनी मिनर्वा इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन का भी नाम है। ईडी का दावा है कि कानून का उल्लंघन कर राज्य के प्राइमरी स्कूलों में अयोग्य लोगों को नौकरी दी गई है। नौकरी के बदले पैसे लिए गए हैं। उस पैसे का लेन-देन विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से किया गया था।

## जमानत मामले में पार्थ चटर्जी के वकील को जज की फटकार

शिक्षक भर्ती घोटाले में जमानत के मामले में गुरुवार को सीबीआइ की विशेष अदालत के न्यायाधीश ने पूर्व शिक्षा मंत्री व घोटाले के आरोपित पार्थ चटर्जी के वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि आप यह तय नहीं करते कि मामला किस अदालत में चलेगा। न्यायाधीश ने पूछा कि आप पीठ के बारे में इतना क्यों सोच रहे हैं? आप सिर्फ अदालत का समय बर्बाद कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सीबीआइ ने शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार पार्थ चट्टोपाध्याय के करीबी प्रमोटर संतु गंगोपाध्याय और हुगली के निष्कासित तृणमूल नेता शांतनु बनर्जी के आवाज के नमूने एकत्र किए हैं। सीबीआइ इसका मिलान सुबूत के तौर पर इकट्ठा किए गए आरोपितों की बातचीत के आडियो से करेगी। संतु और शांतनु दोनों न्यायिक हिरासत में हैं।

# कालीघाटेर काकू ने बीमारी का 'बहाना' बनाकर फिर अदालत में पेशी से बचे

**कोलकाता, समाज्ञा :** कालीघाट के काकू यानी सुजॉयकृष्ण भद्र ने बीमारी का हवाला देते हुए एक बार फिर अदालत में पेशी से बचे। गुरुवार को इस मामले में प्रेसिडेंसी जेल से सीबीआई की विशेष अदालत में रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें बताया गया कि कालीघाट के काकू जेल के अस्पताल में भर्ती हैं। इस बीच, उनके वकील ने सवाल उठाया कि अगर सीबीआई चाहे तो जेल में जाकर पूछताछ कर सकती है, तो फिर उन्हें हिरासत में लेने की जरूरत क्या है? नौकरी भ्रष्टाचार के मामले में पहले ही कालीघाट के काकू को ईडी द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने की आशंका के चलते वह हाई कोर्ट से बचने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, सीबीआई ने उन्हें हिरासत में



लेने के लिए न्यायालय में आवेदन किया था। गुरुवार को उसी आवेदन के संदर्भ में सुजॉयकृष्ण भद्र को अदालत में पेश होना था, लेकिन वह एक बार फिर पेश नहीं हुए। प्रेसिडेंसी जेल ने बताया कि वह वर्तमान में जेल के अस्पताल में भर्ती हैं, जिसके कारण अदालत में पेश होना संभव नहीं हो सका। इस दिन अदालत में सुजॉयकृष्ण के वकील ने कहा कि हाई कोर्ट में पहले से ही अग्रिम जमानत का मामला विचाराधीन है, इसलिए इस अदालत से नए प्रोडक्शन वारंट जारी न किया जाए। जवाब में सीबीआई के वकील ने कहा कि वे प्रोडक्शन वारंट जारी करने की मांग कर सकते हैं। इसके बाद, सुजॉयकृष्ण के वकील ने कहा कि अगर सीबीआई चाहे तो वे जेल जाकर पूछताछ कर सकते हैं।

## संपत्ति विवाद सुलझाने के नाम पर पुलिस पर लगा वसूली का आरोप, हाईकोर्ट ने जताया गुस्सा



संपत्ति को लेकर पारिवारिक विवाद सुलझाने के नाम पर पुलिस पर पैसे मांगने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में कोलकाता हाई कोर्ट के न्यायाधीश तीर्थशंकर घोष ने तीव्र आलोचना की। उन्होंने इस मामले में कोलकाता पुलिस के कमिश्नर को भी सवाल पूछने की बात कही है। इस घटना में बागुईआटी थाने के एक पुलिस अधिकारी, मधुसूदन बाग, पर आरोप लगाया गया है। नाराज जस्टिस ने सवाल किया, पुलिस क्या करना चाहती है? 41 ए में नोटिस देने से पहले 35ए में नोटिस क्यों दिया जा रहा है? यह पुलिस कहां से लाई गई है? इन्हें यह सब कहां से सिखाया गया है? क्या पुलिस एक्जुक्यूटिव मजिस्ट्रेट बांड ले रही है? एक कमिश्नरेट इस तरह काम कर रहा है। होई कोर्ट ने कमिश्नर से सवाल किया और सीपी को 35ए नोटिस के फॉर्मेट को बदलने का निर्देश दिया। जस्टिस तार्थशंकर घोष ने आदेश दिया कि पुलिस अधिकारी मधुसूदन बाग ने 35ए के तहत नोटिस देकर लोगों को बुलाया है। सीपी को यह जांचना होगा कि क्या इस प्रकार का नोटिस इस आरोप के आधार पर दिया जा सकता है। उच्च अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे मामलों में थाने को एकतरफा काम करने से रोका जाए। सीपी को यह सुनिश्चित करना होगा कि थाने इस प्रकार के फॉर्मेट में बदलाव करें। हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर किसी आरोपी से कोई जानकारी या दस्तावेज मंगायी जाती है तो उचित तरीके से मंगानी चाहिए।

# आरजीकर मेडिकल कॉलेज में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के अकादमिक बिल्डिंग में गुरुवार की दोपहर आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना दोपहर 12 बजे के आसपास माइक्रोबायोलॉजी विभाग के 'हॉट एयर ओवन' में आग लगने से हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विभाग में प्रयोग के लिए उपयोग किए जाने वाले इस ओवन में विस्फोट के साथ आग लगी। अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, घटना के समय माइक्रोबायोलॉजी विभाग में जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी गई। ऐसा माना जा रहा है कि बिजली की गड़बड़ी के कारण ओवन में विस्फोट हुआ और आग लग गई। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

# जयनगर में नाबालिग से दुष्कर्म-हत्या मामले में आरोपी दोषी करार, आज सजा का ऐलान


**कोलकाता, समाज्ञा :** बारुईपुर की पॉक्सो कोर्ट ने जयनगर में चौथी कक्षा में पढ़ रही छात्रा का रेप और हत्या के आरोपी को दोषी करार दिया है। आरोपी का नाम मुस्तकिन सरदार है। शुक्रवार को पॉक्सो कोर्ट में आरोपी को सजा दी जाएगी। नाबालिग से रेप और हत्या के 61 दिन बाद आरोपी को दोषी करार दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, नाबालिग 4 अक्टूबर को लापता हो गई थी। उसे बहुत तलाशने के बाद रात में उसका शव बरामद हुआ। इसके बाद, 5 अक्टूबर को एक नाबालिग से बलात्कार और हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 7 अक्टूबर को घटना की जांच के लिए एक सीट का गठन किया गया था। 25 दिन बाद 30 अक्टूबर को चार्जशीट पेश किया



गया और गुरुवार 5 दिसंबर को कोर्ट ने मुस्तकिन को दोषी पाया। इसके अलावा, पुलिस ने जयनगर के महिशमारी इलाके में दलदल से एक नौ साल के बच्चे का शव बरामद किया। ट्यूशन से घर जा रही चौथी क्लास की बच्ची को रास्ते से उठा लिया गया और इलाके में रेप के बाद उसकी हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद गुस्साएं लोगों ने जयनगर थाना क्षेत्र के महिशमारी पुलिस चौकी के सामने विरोध जताया। स्थानीय लोगों के एक समूह पर पुलिस की निष्क्रियता के विरोध में स्थानीय चौकी पर हमला करने का आरोप लगाया गया था।

# बालागढ़ में नाका चेकिंग के दौरान पुलिस पर बम से हमला

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के मोगरा में बदमाशों के एक समूह ने देर रात पुलिस पर बमबाजी कर दी। इस घटना में पुलिस का एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बालागढ़ थाने की पुलिस बुधवार की देर रात नाका चेकिंग कर रही थी। उसी समय बदमाशों ने बमबारी कर दी। सूत्रों के अनुसार, कालना में बुधवार की रात लुटेरों ने एक घर में लूटपाट की। सूचना मिलने पर पुलिस ने रास्ता रोककर नाका चेकिंग शुरू कर दी। चारों ओर से घिरे बदमाशों ने बालागढ़ रोड से भागने की कोशिश की। पुलिस को देखकर अपराधी अपना गंतव्य बदलकर मोगरा की ओर निकल गए। लेकिन, रास्ते में फिर पुलिस को सामने पाकर उन्होंने पुलिस पर बमबारी कर दी। हुगली



जिला पुलिस (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक कामनशीश सेन ने गुरुवार को बताया कि अपराधी दो मोटरसाइकिलों पर सवार थे। नाका चेकिंग के दौरान उन्होंने पुलिस की गाड़ी पर बमबाजी की। पुलिस ने अपराध में शामिल दो मोटरसाइकिलें जब्त कर ली हैं। इस मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य की तलाश जारी है। अपराधियों द्वारा की गई बमबाजी में पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है। मौके पर ड्यूटी कर रहे पुलिस के जवान सुरक्षित हैं।

# कोलकाता पुलिस के ओसी पर महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस के ओसी पर एक महिला ने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला पेशे से एक अभिनेत्री है। उसका ससुराल बेगबगान इलाके में है। महिला अपने परिवार के साथ गोलपार्क स्थित एक घर में रहती है। 2021 में महिला का पति लापता हो गया है। तब से, महिला अपने लापता पति की तलाश के लिए गोलपार्क, बेकबागान इलाके के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में गई। उस दौरान महिला की बातचीत गोलपार्क इलाके के रहने वाले पेशे से कोलकाता पुलिसकर्मी इंद्रनील तालुकदार से हुई। महिला के मुताबिक, तब इंद्रनील तालुकदार ने उसे आश्वासन दिया कि वह उसके पति को ढूंढने में उसकी मदद करेंगे। उसी आधार पर दोनों के बीच दोस्ती भी हुई। धीरे-धीरे वह रिश्ता और गहरा होता गया। महिला का आरोप है कि इंद्रनील तालुकदार ने उससे शादी करने का वादा किया था। लेकिन कुछ समय बाद महिला को पता चला कि इंद्रनील के साथ कई महिलाओं के अवैध संबंध हैं। इसकी जानकारी होने पर महिला को प्रताड़ित किया गया। जिसके बाद महिला ने थाने में शिकायत की। इस बीच थाने में शिकायत करने पर आरोपी पुलिस अधिकारी महिला को शिकायत वापस लेने के लिए जान से मारने की धमकी देने लगा। उसके बाद एक दिन आरोपी पुलिस कर्मी बेगबगान के घर गया और कथित तौर पर उसके साथ बलात्कार किया। इस मामले की जांच जारी है।

# बंगाल में अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़, 250 करोड़ की धोखाधड़ी में 17 गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 250 करोड़ रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। बंगाल पुलिस की साइबर अपराध शाखा और बिधाननगर साइबर अपराध थाने की टीम ने करीब 1.13 करोड़ के धोखाधड़ी के मामले की जांच करते हुए कोलकाता और बिहार के मुजफ्फरपुर से ये गिरफ्तारियां कीं। गिरफ्तार लोगों का अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह से संबंध सामने आया है। धोखाधड़ी का शिकार हुए व्यक्ति ने पुलिस में की गई शिकायत में कहा था कि एक वेबसाइट से उन्होंने एक जानी-मानी



वेल्थ मैनेजेमेंट कंपनी का ऐप डाउनलोड किया था। वह ऐप फर्जी था, जिसके जरिए उनसे 1.13 करोड़ की धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने जांच करते हुए 17 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें से सात को कोलकाता के एक होटल व छह को एक कार्यालय से गिरफ्तार किया गया। बाकी को मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में एक निजी बैंक की कोलकाता के नागेरबाजार शाखा का एक उच्च पदस्थ अधिकारी भी शामिल है। गिरफ्तार लोगों में से तीन लोग गिरोह के सरगना बताए गए हैं। उनमें सिलीगुड़ी का अभिषेक बंसल, गुजरात का मयंक चौधरी और फरीदाबाद का अमित जिंदल। ये तीनों वर्तमान में दुबई में रह रहे थे और बीच-बीच में कोलकाता आते थे और यहां के पांच सितारा होटलों में रुकते थे। उन्होंने अब तक भारत में करीब 2,500 फर्जी अकाउंट खोलने की बात स्वीकार की है। दुबई गिरोह का केंद्र बताया जा रहा है। इसका जाल श्रीलंका और कैरेबियाई द्वीप समूहों में भी फैला बताया जा रहा है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब तक 700 से अधिक फर्जी खातों की पहचान की गई है।

# बड़तला में बेघर दंपति की सात माह की बच्ची से यौन शोषण मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के शोभाबाजार के फुटपाथ पर सात माह के बच्चे के साथ यौन शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोलकाता पुलिस ने बुधवार रात को झाड़ग्राम के गोपीबल्लभपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी का नाम राजीव घोष उर्फ गोबरा (34) है। गोपी कोलकाता के एक होटल में बर्तन धोने का काम करता था। इस बीच, बड़ताला थाने की पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। इस दौरान पाया गया कि आरोपी थोड़ा रुक-रुक कर चलता है। उसकी फोटो राज्य के सभी पुलिस स्टेशनों को भेजी गई और जिले-जिले में उसकी तलाश शुरू हुई। आखिरकार गोपीबल्लभवपुर थाने से खबर आयी और पुलिस ने आरोपी को घेरते हुए गिरफ्तार लिया। उल्लेखनीय है कि, 30 नवंबर को बड़तला थाना क्षेत्र के एक निवासी ने घर के सामने फुटपाथ पर एक बच्चे को पड़ा देखा जो जोर-जोर से रो रहा था। उन्होंने तुरंत पुलिस को फोन किया। उसी समय फुटपाथ पर रहने वाला एक दंपत्ति अपने बच्चे को ढूंढने लगा। बाद में पता चला कि फुटपाथ पर रो रहा बच्चा फुटपाथ पर रहने वाले दंपत्ति का बच्चा है।

# यूनाइटेड ब्रुअरीज लिमिटेड ने बंगाल में एम्स्टेल ग्रांडे लॉन्च किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** बीयर निर्माता कंपनी यूनाइटेड ब्रुअरीज लिमिटेड, जो हेनेकेन कंपनी का हिस्सा है, ने बंगाल में अपनी प्रतिष्ठित प्रीमियम बीयर, एम्स्टेल ग्रांडे लॉन्च की है। एम्स्टेल ग्रांडे की विशेष सामग्री समय की बदौलत भारतीय उपभोक्ताओं को एक बेजोड़ बीयर अनुभव देने का वादा करती है। इसे धीमी गति से ब्रू किया जाता है और लंबे समय तक परिपक्व किया जाता है। इस प्रक्रिया से इसका स्वाद पूरी तरह से विकसित हो जाता है, जिससे एक समृद्ध और स्मूद स्वाद प्राप्त होता है। इसमें कोई अतिरिक्त चीनी नहीं होती। व्यापक वैश्विक और स्थानीय परीक्षणों के माध्यम से इसे परिपूर्ण किया गया है। इसके परिणामस्वरूप, यह उपभोक्ता अनुसंधान में शीर्ष स्कोर प्राप्त करने में सफल हुआ। इसने प्रीमियम बीयर के लिए एक नया मानक स्थापितकियाहै। पश्चिम बंगाल में लॉन्च के बारे में बोलते हुए, यूनाइटेड ब्रुअरीज लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, विक्रम बहल ने कहा कि हमें भारतीय उपभोक्ताओं की परिष्कृत प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई प्रीमियम स्ट्रॉन्ग बियर, एम्सटेल ग्रांडे को पेश करते हुए खुशी हो रही है। पश्चिम बंगाल हमेशा से यूबीएल के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार रहा है, और अब हम इस क्षेत्र में इस प्रीमियम पेशकश के साथ अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए उत्साहित हैं और हमारा लक्ष्य इसे प्रीमियम बियर के शौकीनों के लिए पसंदीदा विकल्प बनाना है।

# हाई-टेक रेल-कम-रोड निरीक्षण वाहन और अत्याधुनिक रेलवे ट्रैक हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम से भारत में सुरक्षित हो रही रेल यात्रा : रेल मंत्री

**नई दिल्ली/कोलकाता, समाज्ञा :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर इंटीग्रेटेड ट्रैक मॉनिटरिंग सिस्टम और रोड सह रेल निरीक्षण वाहन का अवलोकन किया। यह अत्याधुनिक प्रणाली भारतीय रेलवे की ट्रैक सुरक्षा और संचालन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस मौके पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कि रोड सह रेल निरीक्षण वाहन ने हमारे ट्रैकमैन, गैंगमैन, कीमैन और पीडब्ल्यूआई (स्थायी पथ निरीक्षक) के कार्य करने के तरीके में बड़े बदलाव किए हैं। इन बदलावों से न केवल सुरक्षा में सुधार होगा बल्कि उनके कामकाज और जीवन की



गुणवत्ता भी बेहतर होगी। आने वाले पांच वर्षों में सभी रेल ज़ोन में इस नई प्रणाली को लागू करने का लक्ष्य है। यह विशेष रूप से ट्रैक निरीक्षण और रखरखाव के आधुनिकीकरण में रेलवे विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगा। यह तकनीकी प्रणाली न केवल ट्रेक की निगरानी और माप करने में मदद करेगी, बल्कि रेलवे संचालन को भी और अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाएगी। उन्होंने बताया कि यह प्रणाली प्रत्येक रेलवे जोन में उपलब्ध कराई जाएगी। रेलवे का लक्ष्य है कि हर चार महीने में होने वाले इस रखरखाव को अब हर दो महीने में किया जाए। यह नवीन टेक्नोलॉजी भारतीय रेल से हर रोज यात्रा करनेवाले लगभग 2.3 करोड़ यात्रियों की सुरक्षा में बढ़ोतरी करेगी। इंटीग्रेटेड ट्रैक मॉनिटरिंग सिस्टम एक उच्च-प्रदर्शन प्रणाली है, जो ट्रैक की निगरानी, माप और सुरक्षा के लिए नवीनतम तकनीकों का इस्तेमाल करती है। इंटीग्रेटेड ट्रैक मॉनिटरिंग सिस्टम ट्रैक रिकॉर्डिंग कार (टीआरसी) पर स्थापित है, जो 20 से 200 किमी प्रति घंटे की गति से ट्रैक का विश्लेषण कर सकता है। इसमें लेजर सेंसर, हाई-स्पीड कैमरे, जीपीएस और अन्य सेंसर शामिल होते हैं, जो ट्रैक की स्थिति और संभावित दोषों का पता लगाते हैं।

# आमडांगा में गैस गोदाम में लगी भीषण आग



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के आमडांगा में गुरुवार को एक गैस गोडाउन में भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि जोरदार धमाके के साथ लगी आग के कारण मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि गोडाउन में पिछले एक वर्ष से अवैध रूप से गैस सिलेंडर काटने का काम चल रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग 12 के किनारे यह गैस गोदाम है, जहां सिलेंडर लीक होने के बाद आग लगी है। बताया जा रहा है कि कई सिलेंडर फटने की आवाज स्थानीय लोगों ने सुनी है। आग की जानकारी के बात पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचे। वहीं, पुलिस को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि यहां अवैध काम होने की जानकारी कई बार पुलिस को दी गई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय थाने की पुलिस आरोपियों से मिली हुई है। आग बुझने के बाद ही हादसे के असली कारणों का पता लगेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश: विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से होगा शुरू

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होगा। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 16 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे शीतकालीन सत्र को संबोधित करेंगी। यह इस वर्ष का तीसरा सत्र होगा। शीतकालीन सत्र के संबंध में एक अधिसूचना बृहस्पतिवार को जारी कर दी गई।

### 'राइजिंग राजस्थान' में प्रत्येक जिले के विशिष्ट उत्पादों को पहचान मिलेगी : भजनलाल शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'राइजिंग राजस्थान समिट' में प्रदेश के हर जिले के विशिष्ट उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के लिए उपहार स्वरूप दिया जाएगा। एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बृहस्पतिवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा कि 'राइजिंग राजस्थान समिट' हर मायने में बहुआयामी है।

### बलिया में मां-बच्चे की मौत के मामले में नर्स और अन्य पर मुकदमा दर्ज

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मां और बच्चे की कथित तौर पर मौत के मामले में स्टाफ नर्स, उसके पति तथा आशा कार्यकर्ता के साथ ही तीन अन्य लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के रूकूनपुरा गांव के रहने वाले लाल साहब साहनी की पत्नी सुधा (34) को बुधवार को एक निजी प्रसूति केंद्र में भर्ती कराया गया था लेकिन बाद में उसे आशा कार्यकर्ती मीना देवी की कथित सलाह पर इस स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया।

# झारखंड: झामुमो के छह विधायकों समेत 11 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली

**रांची :** झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में बृहस्पतिवार को 11 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली जिनमें छह नए चेहरे और दो महिला विधायक हैं। इन 11 विधायकों में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के छह और कांग्रेस के चार विधायक हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने यहां राजभवन के अशोक उद्यान में मंत्रियों को शपथ दिलाई। मंत्री पद की शपथ लेने वाले झामुमो के छह विधायकों में सुदिव्य कुमार, दीपक बिरुआ, रामदास सोरेन, चमरा लिंडा, योगेंद्र प्रसाद और हफीजुल हसन शामिल हैं। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, इरफान अंसारी और




राधाकृष्ण किशोर ने मंत्री पद की शपथ ली, जबकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संजय प्रसाद यादव को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। झामुमो नेता हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में छह नए चेहरे शामिल किए गए हैं, जबकि दीपिका पांडेय सिंह, इरफान अंसारी, दीपक बिरुआ और रामदास सोरेन को दूसरी बार तथा हफीजुल हसन को तीसरी बार मंत्री पद मिला है। शपथग्रहण समारोह की शुरुआत स्टीफन मरांडी द्वारा विधानसभा के 'प्रोटेम स्पीकर' के रूप में शपथ लेने के साथ हुई। गत सप्ताह हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद झामुमो के वरिष्ठ विधायक मरांडी को विधानसभा का 'प्रोटेम स्पीकर' नियुक्त किया गया था। शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, 'अब हमारा काम गति पकड़ेगा और सरकार पूरी रफ्तार से आगे बढ़ेगी।' कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की ने उन्हें मंत्री के रूप में जिम्मेदारी देने के लिए अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताया।

# संभल जिला प्रशासन हिंसा में शामिल लोगों के पोस्टर लगाएगा

**संभल (उप्र) :** संभल जिला प्रशासन 24 नवंबर को जिले में हुई हिंसा में शामिल लोगों के पोस्टर आज लगाएगा। संभल के जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र पेंसिया ने पीटीआई भाषा को बताया, 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद 400 से अधिक उपद्रवियों की पहचान कर ली गई है और अभी तक 32 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया, अब तक 400 से अधिक लोगों को चिन्हित किया जा चुका है। आज पोस्टर लग जाएंगे। आज ही दोपहर तीन बजे शांति समिति की बैठक है जिसमें हम हर किसी से स्थिति पर चर्चा करेंगे। यह पूछे जाने पर कि कितने लोगों के पोस्टर लगेंगे, उन्होंने कहा, अभी हम डिजाइनिंग कर रहे हैं और इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। 400 लोगों को चिन्हित किया जा चुका है और जो पकड़े जा चुके हैं, उन्हें छोड़कर बाकी लोगों के पोस्टर लगाए जाएंगे। यह पूछे जाने पर कि आज कितने बजे पोस्टर लगाए जाएंगे, उन्होंने कहा, मैं आपको समय नहीं बता सकता, लेकिन इसे लगाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।



### संभल हिंसा से जुड़े मामले को सामान्य सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल में हिंसा की घटना और इस दौरान पुलिस के कथित अत्याचार के लिए जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने की मांग वाली रिट याचिका पर इस मामले को सामान्य सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का बृहस्पतिवार को आदेश जारी किया।

## जमीन विवाद में मां और बहन को जिंदा जलाया

**दो भाइयों समेत नौं लोगों पर मुकदमा**



**बस्ती :** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में जमीन को लेकर विवाद में दो भाइयों ने अपनी मां और बहन को कथित तौर पर जिंदा जला दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में सात लोगों को नामजद कर नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पुलिस ने कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सेठा गांव में बुधवार को एक घर के अंदर से दो महिलाओं के झुलसे हुए शव बरामद किये। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान गोदावरी (55) और उनकी बेटी सौम्या (26) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में गोदावरी के बेटे कमलेश और कौशल तथा एक रिश्तेदार करुणाकर समेत सात लोगों को नामजद करते हुए नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, ऐसा आरोप लगाया गया कि कमलेश और कौशल ने अपने साथियों के साथ मिलकर जमीन को लेकर विवाद में गोदावरी व सौम्या की हत्या की।

## प्रधानमंत्री मोदी 13 दिसंबर को करेंगे प्रयागराज-वाराणसी रेल मार्ग का

**महाकुंभनगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से वाराणसी के बीच रेल मार्ग और गंगा नदी पर बने रेलवे पुल का उद्घाटन करेंगे। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। प्रयागराज से वाराणसी के बीच रेल यात्रा को और अधिक सुगम बनाने की दिशा में इन दोनों स्टेशनों के बीच ट्रैक दोहरणीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। साथ ही गंगा नदी पर रेलवे पुल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इन दोनों परियोजनाओं का उद्घघाटन महाकुम्भ से पहले किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, महाकुम्भ के दौरान इस रेल मार्ग पर ट्रेनों का परिचाल शुरू हो जाएगा और ट्रेनों की औसत गति 100 से 130 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी। बयान में बताया गया कि वंदे भारती जैसी अत्याधुनिक ट्रेन से प्रयागराज से वाराणसी की यात्रा महज एक से सवा एक घंटे में पूरी हो जाएगी। बयान के मुताबिक, आठ दिसंबर को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा निरीक्षण के बाद प्रधानमंत्री अपनी प्रयागराज यात्रा के दौरान इस परियोजना का उद्घघाटन करेंगे। गंगा नदी पर रेलवे पुल और प्रयागराज-वाराणसी रेल ट्रैक दोहरीकरण का कार्य भारतीय रेलवे के संगठन आरवीएनएल ने किया है।

## बिहार विधानपरिषद उपचुनाव: मतदान केंद्र पर हर पांचवें मतदाता के पिता का एक ही नाम

**मुजफ्फरपुर :** बिहार विधान परिषद के एक निर्वाचन क्षेत्र में बृहस्पतिवार को हुए उपचुनाव में एक मतदान केंद्र में मतदान करने पहुंचे लगभग हर पांचवें मतदाता के पिता का नाम एक ही था। अधिकारियों ने माना कि यह मतदाता सूची में एक 'विसंगती' है हालांकि इससे तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान प्रक्रिया प्रभावित नहीं हुई। उपचुनाव में 18 उम्मीदवार मैदान में थे। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, वैशाली और शिवहर जिलों के 197 बूथों पर 1.5 लाख से अधिक मतदाता मतदान के लिए पात्र थे। तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त ने बताया कि मुजफ्फरपुर के औराई प्रखंड में यह विसंगति सामने आई, जहां एक मतदान केंद्र पर 724 मतदाताओं में से 138 के पिता का नाम 'मुन्ना कुमार' बताया गया। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को फोन पर बताया था, तकनीकी कारणों से हुई इस विसंगति के कारण किसी भी मतदाता को अपने मताधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा। उपचुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे। जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता देवेश चंद्र ठाकुर के इस्तीफे के कारण उपचुनाव की आवश्यकता पड़ी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के विरोध में झारखंड में रैलियां और प्रदर्शन



**रांची :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों और संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के खिलाफ झारखंड में विभिन्न हिंदू संगठनों ने बृहस्पतिवार को रैलियां निकालीं और प्रदर्शन किए। रांची में, विभिन्न हिंदू और सामाजिक संगठनों के सदस्य मोराबादी मैदान में बापू वाटिका पर एकत्र हुए, जहां प्रमुख नेताओं ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। सनातन सरना समाज के राकेश लाल ने कहा कि सर्व सनातन समाज और उससे जुड़े समूह बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है, मंदिरों को नष्ट किया जा रहा है और घरों एवं व्यवसायों को लूटा जा रहा है।' इसके बाद मोराबादी से जिला कलेक्ट्रेट तक एक रैली निकाली गई, जहां राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन रांची के उपायुक्त को सौंपा गया। प्रदेश के पाकुड़ में सर्व सनातन समाज की रैली रेलवे ग्राउंड से शुरू होकर गांधी चौक, बिरसा चौक और रवींद्र चौक से होते हुए सिद्धू - कान्हू पार्क के निकट समाप्त हुई। एक विरोध रैली का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न संगठों ने हिस्सा लिया और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उनसे बांग्लादेश मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया गया है।

# समाज्ञा व्यापार

## शाकाहारी थाली सात प्रतिशत महंगी, टमाटर-आलू की महंगाई ने बिगाड़ा बजट



**मुंबई :** टमाटर और आलू की कीमतें बढ़ने से नवंबर के महीने में घरेलू शाकाहारी भोजन साल भर पहले की तुलना में सात प्रतिशत तक महंगा हो गया। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट कहती है कि नवंबर महीने में शाकाहारी थाली की कीमत सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 32.7 रुपये हो गई। वहीं मांसाहारी थाली के दाम दो प्रतिशत बढ़े हैं। शाकाहारी थाली महंगी होने का मुख्य कारण टमाटर की कीमतों में 35 प्रतिशत और आलू की कीमतों में 50 प्रतिशत की उच्च बढ़ोतरी है। पिछले महीने टमाटर के दाम 53 रुपये प्रति किलो और आलू के दाम 37 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए। इसके अलावा, दालों की कीमतों में भी 10 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला। हालांकि रिपोर्ट कहती है कि दिसंबर महीने में नई फसलों की आवक आने से इन उत्पादों के दाम गिरने की संभावना है। नवंबर में आयात शुल्क में बढ़ोतरी की वजह से वनस्पति तेल की कीमतें भी 13 प्रतिशत तक बढ़ गईं। राहत की बात यह रही कि एलपीजी की कीमतों में कटौती से ईंधन लागत 11 प्रतिशत घट गई। इससे घरेलू थाली की लागत पर दबाव कम करने में मदद मिली। बीते महीने मांसाहारी थाली की कीमत भी दो प्रतिशत बढ़कर 61.5 रुपये हो गई। इस दौरान ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत तीन प्रतिशत बढ़ी। मांसाहारी थाली की गणना में ब्रॉयलर का भारांक 50 प्रतिशत है। अक्टूबर की तुलना में शाकाहारी थाली की कीमत में दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जिसके पीछे टमाटर की कीमतों में 17 प्रतिशत की मासिक गिरावट की अहम भूमिका रही। वहीं मांसाहारी थाली की कीमत स्थिर रही।

## वनप्लस अगले तीन साल में भारतीय कारोबार में 6,000 करोड़ रुपये का करेगी

**नयी दिल्ली :** चीन की स्मार्टफोन विनिर्माता कंपनी वनप्लस की अगले तीन साल में भारत में अपने कारोबार में 6,000 करोड़ रुपये तक निवेश करने की योजना है। यह हाल के वर्षों में देश में किसी चीनी मोबाइल फोन कंपनी का सबसे बड़ा निवेश है। इससे पहले, वनप्लस की सहयोगी कंपनी वीवो ने 2019 में 7,500 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी। हालांकि, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कंपनी ने अब तक केवल 3,500 करोड़ रुपये का निवेश किया है। आईडीसी के अनुसार, चीनी स्मार्टफोन ब्रांडों ने सितंबर 2024 तिमाही में लगभग 72 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की। इनमें बीबीके इलेक्ट्रॉनिक्स समूह की कंपनियों - वीवो, ओप्पो, रियलमी और वनप्लस ने कुल हिस्सेदारी का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हासिल किया। वनप्लस ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, कंपनी भारत में उत्पाद नवाचार को बढ़ावा देने और सेवाओं में सुधार के लिए 'प्रोजेक्ट स्टारलाईट' के तहत अगले तीन वर्षों में सालाना 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। इसमें कहा गया, 'वनप्लस ने भारत में उत्पादों तथा सेवाओं में नवाचारों को गति देने के लिए अगले तीन वर्षों में 2,000 करोड़ रुपये के वार्षिक निवेश की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इस निवेश योजना को 'प्रोजेक्ट स्टारलाईट' के नाम से इस क्षेत्र में ब्रांड के भविष्य के निवेश के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण के रूप में पेश किया गया है।'

# हम एमएसएमई के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण मॉडल पर विचार करने को तैयार: गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को उद्योग जगत से बैंक ऋण प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण मॉडल तलाशने के लिए तैयार है। साथ ही मंत्रालय प्रस्तावित औद्योगिक टाउनशिप में एमएसएमई के लिए विशेष क्षेत्र निर्धारित कर सकता है। निर्यातकों ने बैंक ऋण में गिरावट पर चिंता जताई है, खासकर एमएसएमई खंड के लिए...निर्यातकों के अनुसार 2021-22 और 2023-24 के बीच रुपये के हिसाब से निर्यात में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई, लेकिन मार्च 2024 में बकाया ऋण 2022 के इसी महीने की तुलना में पांच प्रतिशत कम हो गया। गोयल ने कहा, 'मुझे विस्तृत ब्यौरा दीजिए कि एमएसएमई को किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। क्या बहुत अधिक गारंटी मांगी जा रही है? मान लीजिए कि ईसीजीसी (निर्यात ऋण गारंटी निगम) कवर उपलब्ध है, क्या



वे (बैंक) तब भी गारंटी मांगते हैं, निर्यात ऋण की विफलता की स्थिति में जब ईसीजीसी द्वारा 90 प्रतिशत गारंटी ली जाती है तो वे किस तरह का ब्याज लेते हैं?' उन्होंने यहां एक समारोह में कहा, 'यदि हमें और अधिक विशिष्ट प्रतिक्रिया मिलती है तो हम इस मुद्दे को बैंक के समक्ष उठा सकेंगे। ईसीजीसी अन्य सेवाओं पर भी विचार कर रही है, लेकिन मेरा निजी विचार है कि महंगे होने के बावजूद लोग अब भी बैंक जाकर ऋण लेना पसंद करेंगे, लेकिन हम वैकल्पिक वित्तपोषण मॉडल के विचार के लिए तैयार हैं।'' मंत्रिमंडल ने अगस्त में देश में औद्योगिक पार्क/टाउनशिप स्थापित करने के लिए 28,602 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत 12 नए परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। ये औद्योगिक क्षेत्र उत्तराखंड के खुरपिया, पंजाब के राजपुरा-पटियाला, महाराष्ट्र के दिघि, केरल के पलक्कड़, उत्तर प्रदेश के आगरा तथा प्रयागराज, बिहार के गया, तेलंगाना के जहीराबाद, आंध्र प्रदेश के ओरवाकल तथा कोप्पर्थी और राजस्थान के जोधपुर-पाली में स्थित होंगे। गोयल ने कहा, 'मुझे एमएसएमई के लिए निर्धारित विशेष क्षेत्र की प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए खुशी हो रही है क्योंकि एमएसएमई के बिना किसी भी बड़े उद्योग का अस्तित्व में रहना मुश्किल है...' इसके अलावा, उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि उद्योग जगत, मंत्रालय की एकल खिड़की प्रणाली पहल पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है।

## बाजार में तेजी लगातार पांचवें दिन जारी, आईटी शेयरों की अगुवाई में सेंसेक्स 809 अंक उछला

मुंबई : स्थानीय शेयर बाजार में तेजी लगातार पांचवें दिन बृहस्पतिवार को भी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 809 अंक से अधिक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी बढ़कर 24,700 के पार पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा से एक दिन पहले बाजार में खासी तेजी रही। कारोबारियों के अनुसार अमेरिकी बाजार में तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी प्रवाह के बीच आईटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 809.53 अंक यानी एक प्रतिशत उछलकर 81,765.86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,361.41 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 240.95 अंक यानी 0.98 प्रतिशत चढ़कर 24,708.40 अंक पर बंद हुआ। यह घरेलू शेयर बाजार में तेजी का लगातार पांचवां सत्र रहा। इन पांच दिनों में बीएसई सेंसेक्स 2,722.12 अंक यानी 3.44 प्रतिशत मजबूत हुआ है। सेंसेक्स के तीस शेयरों



में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं एनटीपीसी और एशियन पेंट्स में गिरावट रही। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त में रहे थे, जिसका बाजार पर सकारात्मक असर रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, 'अमेरिकी शेयर बाजार सूचकांक डाऊ जोंस 45,000 के ऊपर निकल गया। यह अमेरिकी बाजार में मजबूती को बताता है। अमेरिका में मजबूत आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति में कमी से इस तेजी को समर्थन मिला।' उन्होंने कहा, 'फेडरल रिजर्व के प्रमुख पॉवेल की बुधवार को आई टिप्पणी से भी बाजार को समर्थन मिला। उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को उल्लेखनीय रूप से अच्छी स्थिति में बताया है।' मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.16 प्रतिशत मजबूत हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के शुद्ध रूप से लिवाल होने से भी खासकर बड़ी कंपनियों के शेयरों के लिए बाजार धारणा सकारात्मक रही।

### हुंदै एक जनवरी से अपने वाहनों की कीमतों में 25,000 रुपये तक का करेगी इजाफा

**नयी दिल्ली :** हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड ने एक जनवरी 2025 से अपने विभिन्न मॉडल वाहनों की कीमतों में 25,000 रुपये तक की वृद्धि की बृहस्पतिवार को घोषणा की। हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने बयान में कहा, कच्चे माल की लागत में वृद्धि, प्रतिकूल विनिमय दर और लॉजिस्टिक्स लागत में वृद्धि के कारण मूल्य वृद्धि आवश्यक हो गई है। एचएमआईएल के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा, 'कच्चे माल की लागत में निरंतर वृद्धि के साथ अब इस लागत वृद्धि का कुछ हिस्सा मामूली मूल्य समायोजन के जरिये वहन करना अनिवार्य हो गया है।' उन्होंने कहा कि यह मूल्य वृद्धि सभी मॉडलों पर लागू होगी और इसकी सीमा 25000 रुपये तक होगी। मूल्य वृद्धि का असर 2025 के सभी मॉडलों पर पड़ेगा। गर्ग ने कहा कि कंपनी ने हमेशा 'बढ़ती लागत को यथासंभव वहन करने का प्रयास किया है, ताकि हमारे ग्राहकों पर इसका सबसे कम प्रभाव पड़े।'

## न्यूज अपडेट

### सोने में 300 रुपये की तेजी, चांदी तीसरे दिन भी चमकी

**नयी दिल्ली :** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत फिर से 79,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह कहा। तीन दिन की गिरावट के बाद 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 300 रुपये बढ़कर 79,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। बुधवार को यह 78,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय बाजारों में आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की ताजा मांग के कारण सोने में तेजी आई। चांदी लगातार तीसरे दिन भी चमक में रही और बृहस्पतिवार को 1,300 रुपये बढ़कर 93,800 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। बुधवार को यह 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### वोडाफोन आइडिया वोडाफोन समूह से 2000 करोड़ रुपये जुटाएगी

**नयी दिल्ली :** कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसका निदेशक मंडल वोडाफोन समूह से संबंधित संस्थाओं से 2,000 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव पर विचार करेगा। वोडाफोन समूह ने इंडस टावर्स में तीन प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की घोषणा के बाद यह कदम उठाया है। इस बिक्री से मिली धनराशि से लगभग 856 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाया जाएगा और बाकी का इस्तेमाल वोडाफोन आइडिया का बकाया चुकाने के लिए किया जाएगा। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसके निदेशक मंडल की एक बैठक सोमवार, नौ दिसंबर 2024 को होने वाली है। इसमें अन्य बातों के साथ ही वोडाफोन समूह से संबंधित एक या अधिक संस्थाओं को तरजीही आधार पर इक्विटी शेयर और/या परिवर्तनीय प्रतिभूतियां जारी करके 2,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।

### आरबीआई ने अक्टूबर में सर्वाधिक 27 टन सोना खरीदा: डब्ल्यूजीसी

**मुंबई :** विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि अक्टूबर में दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने 60 टन सोना खरीदा जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 27 टन सोना खरीदने के साथ सबसे आगे रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की मासिक रिपोर्ट पर आधारित डब्ल्यूजीसी के इन आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने अक्टूबर महीने में अपने स्वर्ण भंडार में 27 टन सोने की बढ़ोतरी की जिससे इस साल जनवरी से अक्टूबर तक उसकी कुल सोना खरीद बढ़कर 77 टन हो गई। डब्ल्यूजीसी ने कहा कि आरबीआई की यह स्वर्ण खरीद पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले पांच गुना वृद्धि दर्शाती है। आंकड़ों से पता चलता है कि इस खरीद के साथ भारत का कुल स्वर्ण भंडार अब 882 टन हो गया है, जिसमें से 510 टन भारत में मौजूद है। डब्ल्यूजीसी ने कहा कि उभरते बाजारों के केंद्रीय बैंकों ने स्वर्ण खरीद में दबदबा कायम रखा है। तुर्की और पोलैंड ने जनवरी-अक्टूबर 2024 के दौरान अपने स्वर्ण भंडार में क्रमशः 72 टन और 69 टन सोने की बढ़ोतरी की है। इसमें कहा गया है कि इन तीन देशों के केंद्रीय बैंकों ने इस वर्ष की कुल वैश्विक शुद्ध खरीद का 60 प्रतिशत सोना अकेले खरीदा है।

### गौतम हरि सिंघानिया रेमंड लाइफस्टाइल के कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त

**नयी दिल्ली :** गौतम हरि सिंघानिया को परिधान कंपनी रेमंड लाइफस्टाइल का कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया गया है। कंपनी के शेयरधारकों ने नियुक्ति प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी के 'गौतम हरि सिंघानिया को कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त करने' तथा उनका पारिश्रमिक निर्धारित करने के लिए विशेष प्रस्ताव को वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में कुल मतों में से 86.85 प्रतिशत मत मिले। रेमंड लाइफस्टाइल की ओर से बुधवार शाम शेयर बाजारों को दी जानकारी के अनुसार, प्रस्ताव को अपेक्षित बहुमत से पारित कर दिया गया। कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार किसी विशेष प्रस्ताव को बहुमत से पारित किया जाना आवश्यक है, अर्थात कम से कम 75 प्रतिशत सदस्यों द्वारा इसके पक्ष में मतदान किया जाना अनिवार्य है।

## बड़ौदा ने टी20 इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, अभिषेक शर्मा ने 28 गेंद में शतक जड़ा



**इंदौर :** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बृहस्पतिवार को नए रिकॉर्ड बने जब बड़ौदा के टी20 क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया जबकि पंजाब के अभिषेक शर्मा ने 28 गेंद में शतक के साथ इस प्रारूप में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। ये दोनों रिकॉर्ड हालांकि घरेलू क्रिकेट की कमजोर टीम के खिलाफ बने। बड़ौदा ने इंदौर में सिक्किम के खिलाफ 20 ओवर में पांच विकेट पर 349 रन बनाए जबकि अभिषेक ने राजकोट में मेघालय के खिलाफ तूफानी पारी खेलकर किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। गुजरात के उर्विल पटेल ने भी 28 गेंद में शतक जड़ा था। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में त्रिपुरा के खिलाफ यह कारनामा किया था। अभिषेक ने 29 गेंद में नाबाद 106 रन की पारी खेली जिससे पंजाब ने 143 रन के लक्ष्य को सिर्फ 9.3 ओवर में हासिल कर लिया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में 11 छक्के और छह चौके मारे। सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम है जिन्होंने इस साल साइप्रस के खिलाफ 27 गेंद में शतक जड़ा था। इंदौर में बड़ौदा ने अपने विशाल स्कोर के दौरान रिकॉर्ड 37 छक्के लगाए। यह किसी भारतीय टीम का 300 रन से अधिक का पहला स्कोर है। बड़ौदा की ओर से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे भानु पानिया ने 51 गेंद में पांच चौकों और 11 छक्कों की मदद से नाबाद 134 रन बनाए। सिक्किम को सात विकेट पर 86 रन के स्कोर पर रोककर बड़ौदा ने 263 रन से जीत दर्ज की।

## भारतीय बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन, ऑस्ट्रेलिया की आसान जीत

**ब्रिस्बेन :** बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण भारत को पहले महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में गुरूवार को यहां ऑस्ट्रेलिया से 202 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 34.2 ओवर में 100 रन पर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने 16.2 ओवर में पांच विकेट पर 102 रन बनाकर तीन मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया भी बीच में थोड़ी देर के लिए लड़खड़ा गया था जब तेज गेंदबाज रेणुका सिंह (45 रन देकर तीन विकेट) ने एक ओवर में दो विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया को इसके अलावा हालांकि लक्ष्य हासिल करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। अपना पहला वनडे खेल रही सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल (42 गेंदों पर नाबाद 46) ने सहजता से बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की आसान जीत सुनिश्चित की। उन्होंने अपनी पारी के दौरान रेणुका सिंह पर काउ कॉर्नर क्षेत्र में दर्शनीय छक्का भी लगाया था। उनकी सलामी जोड़ीदार फोएबे लीचफील्ड (29 गेंदों में 35 रन) ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। लीचफील्ड ने लगातार छह चौके लगाए, जिनमें से चार रेणुका और दो अपना पहला वनडे खेल रही तेज गेंदबाज टिटास साधु की गेंदों पर लगे। दूसरा वनडे आठ दिसंबर को यहां एलन बॉर्डर फील्ड में खेला जाएगा।

# मध्यक्रम में बल्लेबाजी करेंगे रोहित, गुलाबी गेंद से बेहतर प्रदर्शन करने उतरेगा भारत



**एडिलेड :** रोहित शर्मा ने आदर्श कप्तान की मिसाल पेश करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में मध्यक्रम में खेलने का फैसला किया है जिसमें पहले टेस्ट में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम गुलाबी गेंद से अपने रिकॉर्ड में सुधार करने की कोशिश करेगी। रोहित पितृत्व अवकाश के कारण पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने अब वापसी पर मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने का फैसला किया है ताकि अच्छी फॉर्म में चल रहे यशस्वी जयसवाल और केएल राहुल पारी का आगाज कर सकें। इन दोनों ने पहले टेस्ट मैच में भारत की दूसरी पारी में बड़ी शतकीय साझेदारी निभाई थी। शुभमन गिल भी अंगूठे की चोट से उबर कर इस मैच में वापसी करेंगे। रोहित ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि टीम हित में वह अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करेंगे। रोहित ने कहा, 'हम परिणाम चाहते हैं, हम सफल होना चाहते हैं। इन दोनों बल्लेबाजों ने पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया। मैं घर में उनकी बल्लेबाजी देख रहा था। राहुल को बल्लेबाजी करते हुए देखना शानदार रहा। वह सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलने का हकदार है।' उन्होंने कहा, 'इसमें बदलाव करने की अभी कोई जरूरत नहीं है, भले ही भविष्य में चीजों में बदलाव हो सकता है। मेरे लिए निजी तौर पर मध्यक्रम में बल्लेबाजी करना आसान नहीं होगा लेकिन टीम हित सर्वोपरि है।' भारतीय टीम ने पर्थ में पहले टेस्ट मैच में तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद शानदार प्रदर्शन करते हुए 295 रन की रिकॉर्ड जीत हासिल करके बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। यह पहला अवसर नहीं है जबकि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर अच्छा प्रदर्शन किया हो। इससे पहले वह पिछले दो अवसरों पर भी ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर श्रृंखला में हरा चुका है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौर में एडिलेड में खेले गए दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी पहली पारी में 36 रन पर आउट हो गया थी लेकिन इसके बाद उसने अच्छी वापसी करके श्रृंखला जीती थी। इस बार भारतीय टीम पहले मैच में जीत से उत्साह से लबरेज है।

### अश्विन और जडेजा को बाहर रखना सही लेकिन भविष्य में वे बड़ी भूमिका निभाएंगे: रोहित

**एडीलेड :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में हुए पहले टेस्ट मैच से रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन को बाहर रखने के फैसले का समर्थन करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह सही फैसला था लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि ये दोनों अनुभवी खिलाड़ी श्रृंखला के बाकी मैचों में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर मिली 0-3 की करारी हार के बाद भारत ने अश्विन और जडेजा को बाहर रखने का साहसिक फैसला किया जबकि हर्षित राणा और नितीश रेड्डी को टेस्ट पदार्पण का मौका दिया। यह फैसला कारगर रहा क्योंकि दोनों युवा खिलाड़ियों ने भारत की 295 रन की जीत में अहम योगदान दिया।

### राहुल पारी का आगाज करेगा, मैं मध्यक्रम में खेलूंगा: रोहित शर्मा

**एडिलेड :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को यहां कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले दिन रात्रि टेस्ट में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करेंगे, जिसका मतलब है कि केएल राहुल पहले टेस्ट मैच की तरह इस मैच में भी पारी का आगाज करेंगे। राहुल ने रोहित की अनुपस्थिति में पहले टेस्ट मैच में 26 और 77 रन की दो उपयोगी पारियां खेली थी। उन्होंने भारत की दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल के साथ 201 रन की रिकार्ड सा-झेदारी की थी। भारत ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की पांच मैच की श्रृंखला का यह पहला मैच 295 रन से जीता था। रोहित ने दूसरे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, 'वह (राहुल) पारी की शुरुआत करेगा। मैं मध्यक्रम में किसी स्थान पर खेलूंगा।' भारतीय कप्तान अपने बेटे के जन्म के कारण पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने कहा की सलामी जोड़ी को बनाए रखना टीम के हित में है।

## बुमराह आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित



**दुबई :** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में पहले टेस्ट मैच में टीम की कप्तानी करते हुए भारत को 295 रन से बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को नवंबर माह के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित किया गया है। बुमराह ने कप्तान रोहित शर्मा की अनुप-स्थिति में भारतीय टीम का नेतृत्व किया, जो अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाए थे। भारत के इस तेज गेंदबाज को दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को यानसन और पाकिस्तान के हारिस रऊफ के साथ नामांकित किया गया है। बुमराह ने नवंबर में आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर वापसी की थी और अब उनका लक्ष्य महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतना होगा। रोहित की अनुपस्थिति में टीम की कमान संभालने वाले बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहली पारी में 30 रन देकर पांच और दूसरी पारी में 42 रन देकर तीन विकेट लिए थे। भारत ने यह मैच जीतकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। महिलाओं के वर्ग में महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए बांग्लादेश की शर्मिन अख्तर, दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क और इंग्लैंड की डैनी व्याट-हॉज दावेदारों में शामिल हैं।

## न्यूज अपडेट

### विश्व शतरंज चैंपियनशिप: गुकेश और लिरेन के बीच नौवीं बाजी भी ड्रॉ

**सिंगापुर :** भारतीय चैलेंजर डी गुकेश और गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच विश्व शतरंज चैंपियनशिप की नौवीं बाजी भी बृहस्पतिवार को यहां ड्रॉ रही जिससे यह मुकाबला बराबरी पर बना हुआ है। यह लगातार छठी बाजी और मुकाबले की कुल सातवीं बाजी है जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने अंक बांटे। इस ड्रॉ के बाद दोनों खिलाड़ियों के समान 4.5 अंक हो गए हैं जो चैंपियनशिप जीतने के लिए जरूरी 7.5 अंक से तीन अंक कम हैं। दोनों खिलाड़ियों ने 54 चाल के बाद बाजी को ड्रॉ कराने पर सहमति जताई। शुक्रवार को आराम का दिन है जिसके बाद दोनों खिलाड़ी शनिवार को फिर मुकाबला शुरू करेंगे। इस 25 लाख डॉलर इनामी चैंपियनशिप में अब सिर्फ पांच क्लासिकल बाजियां बची हैं और अगर 14 दौर के बाद भी स्कोर बराबर रहता है तो विजेता का निर्धारण करने के लिए 'फास्टर टाइम कंट्रोल' के तहत बाजियां होंगी। चीन के 32 वर्षीय लिरेन ने शुरुआती बाजी जीती थी जबकि 18 वर्षीय गुकेश तीसरी बाजी में विजयी रहे थे। दूसरी, चौथी, पांचवीं, छठी, सातवीं और आठवीं बाजी भी ड्रॉ रही थी। गुकेश ने कहा कि वह महत्वपूर्ण क्षणों में अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। उन्होंने कहा, 'दृष्टिकोण पहले जैसा ही है... हम सिर्फ अच्छा शतरंज खेलने की कोशिश करते हैं। पिछली कुछ बाजियों में मैं बहुत अच्छा शतरंज खेलने में कामयाब रहा हूं और मेरे लिए मुख्य बात यह होगी कि मैं उसी ऊर्जा के साथ वहां जाऊं, उसी स्तर की शतरंज खेलूं और कुछ महत्वपूर्ण क्षणों में अपने खेल में थोड़ा सुधार करूं।'

### भारत को बड़ा झटका, निशानेबाजी और हॉकी 2026 युवा ओलंपिक से बाहर



**नयी दिल्ली :** भारत की पदक संभावनाओं को बड़ा झटका लगा जब अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने सेनेगल के डकार में होने वाले 2026 युवा ओलंपिक के लिए पदक खेलों की सूची से निशानेबाजी, भारोत्तोलन और हॉकी को हटा दिया है। निशानेबाजी, भारोत्तोलन और हॉकी को युवा ओलंपिक 2026 में 10 गैर पदक खेलों के रूप में शामिल किया गया है। अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में 2018 युवा ओलंपिक खेलों में भारत ने 13 पदक (तीन स्वर्ण, नौ रजत और एक कांस्य) जीते थे जिनमें से निशानेबाजी में चार पदक (दो स्वर्ण और दो रजत) और हॉकी में दो रजत पदक आए थे। भारोत्तोलन में एक स्वर्ण मिला था। पेरिस ओलंपिक की दोहरी पदक विजेता स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने लड़कियों की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण और मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक जीता था। तीन दिसंबर को लुसाने में अपनी बैठक में आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने 31 अक्टूबर से 13 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाले 2026 युवा ओलंपिक खेलों के लिए खेलों और खिलाड़ी कोटा की पुष्टि की। युवा ओलंपिक में 15 से 18 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा होती है। आईओसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, 'यह निर्णय लिया गया कि डकार 2026 में सभी 35 अंतरराष्ट्रीय महासंघों की आधिकारिक भागीदारी को बनाए रखा जाएगा जिसमें 25 खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल होंगे और 10 खेल भागीदारी कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।' जिन 25 खेलों में पदक दिए जाएंगे वे एथलेटिक्स (ट्रैक एवं फील्ड), एक्वेटिक्स (तैराकी), तीरंदाजी, बैडमिंटन, बेसबॉल (बेसबॉल 5), बास्केटबॉल (3 गुणा 3), मुक्केबाजी, ब्रेकिंग, साइकिलिंग (रोड साइकिलिंग), घुड़सवारी (जंपिंग), तलवारबाजी, फुटबॉल (फुटसाल), जिम्नास्टिक (कलात्मक), हैंडबॉल (बीच हैंडबॉल), जूडो, रोइंग (तटीय रोइंग), रग्बी (रग्बी सेवन्स), नौकायन, स्केटबोर्डिंग (स्ट्रीट), टेबल टेनिस, ताइक्कांडो, ट्रायथलन, वॉलीबॉल (बीच वॉलीबॉल), कुश्ती (बीच कुश्ती) और वुशु हैं। इन खेलों में शामिल होने वाले गैर पदक खेल कैनोइंग-कयाकिंग, गोल्फ, हॉकी, कराटे, मॉडर्न पेंटाथलन, निशानेबाजी, स्पोर्ट क्लाइंबिंग, सर्फिंग, टेनिस और भारोत्तोलन हैं।




वर्ष 9, पूर्णांक 4080 अंक 230, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in